# CARA

केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण

Central Adoption Resource Authority

CARA

# वार्षिक रिपोर्ट 2018-2019

# Annual Report 2018-2019

Central Adoption Resource Authority



Towards a New Dawn

Ministry of Women & Child Development

भारत सरकार

Government of India

www.cara.nic.in

सत्यमेव जयते

# वार्षिक रिपोर्ट
# 2018–2019



CARA

**केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण**

**महिला एंव बाल विकास मंत्रालय**

**भारत सरकार**

**www.cara.nic.in**

# विषय सूची


**माननीय केंद्रीय मंत्री महिला एंव बाल विकास मंत्रालय, का संदेश** *i*

**माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एंव बाल विकास मंत्रालय, का संदेश** *iii*

**सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की संचालन समिति के अध्यक्ष द्वारा अग्रेशित** *v*

**सदस्य सचिव और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (कारा) के द्वारा अभिस्वीकृति** *vii*

**अध्याय : 1 भूमिका** **1**

1.1 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) 1

1.2 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की संचालन समिति 2

1.3 कारा की सलाहकार समिति 5

1.4 राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा) 6

1.5 जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू) 6

1.6 विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए) 6

1.7 प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण (एएफएए) 7

1.8 केंद्रीय प्राधिकरण (सीए) और विदेश में भारतीय राजनियक (आईडीएम) मिशन 7

**अध्याय : 2 गतिविधियां** **8**

2.1 बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) 8

2.2 प्रशिक्षण और विकास 9

2.3 निरीक्षण एवं निगरानी 17

2.4 प्रचार और जागरूकता 20

2.5 महत्वपूर्ण परिपत्र और एडवाईजरी 24

2.6 अन्य पहलें, उपलब्धियां एवं प्रशस्ति 24

**अध्याय : 3 वैधानिक अनुपालन** **27**

3.1 सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 से संबंधित जानकारी 27

3.2 कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न संबंधी जानकारी 27

**अध्याय : 4 आंकड़ा आधार** **28**

4.1 अंतिम तीन वर्षो के समेकित दत्तक ग्रहण आंकड़े 28

4.2 वर्ष 2018–19 हेतू राज्य और लिंग–वार दत्तक ग्रहण (देशीय और अंर्तदेशीय दत्तक ग्रहण) आंकड़ें का विवरण 28

4.3 वर्ष 2018–19 हेतू देश और लिंग–वार दत्तक ग्रहण (देशीय और अंर्तदेशीय दत्तक ग्रहण) आंकड़ें का विवरण 29

**अध्याय : 5 अनुलग्नक** **30**

5.1 परिशिष्ट – कः राज्य वार राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (एसएआरए) राज्यवार विवरण 30

5.2 परिशिष्ट – खः जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू) की राज्य–वार सूची 36

5.3 परिशिष्ट – गः विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए) की राज्य–वार संख्या 37

5.4 परिशिष्ट – घः प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण (एएफएए) की राज्य–वार संख्या 38

5.5 परिशिष्ट – ङः महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा जारी महत्वपूर्ण परिपत्र और हिदायतों की प्रति 43

**अध्याय : 6 वर्ष 2018–2019 का लेखा परीक्षा प्रतिवेदन और वार्षिक आंकड़े** 53

स्मृति ज़ूबिन इरानी
Smriti Zubin Irani



मंत्री
महिला एवं बाल विकास और वस्त्र
भारत सरकार
नई दिल्ली
Minister
Women & Child Development and Textiles
Government of India
New Delhi

दिनांकः नवम्बर 2019

**संदेश**

मेरे मंत्रालय की एक साविंधिक निकाय केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है ।

एक बच्चे का दत्तक ग्रहण दुनिया को तो नहीं बदल सकता, परन्तु उस गोद लिए गए बच्चे की दुनिया अवश्य बदल सकती है । हमारी सरकार, दत्तक ग्रहण के माध्यम से प्रत्येक बच्चे जिसको देखभाल तथा सुरक्षा की आवश्यकता है, के पुनर्वास हेतु सुरक्षात्मक वातावरण प्रदान करने हेतु प्रतिवद्ध है । केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय, को देश में अनाथ और बेसहारा बच्चों के दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने, सुगम बनाने तथा विनियमन करने के लिए एक नोडल निकाय के रूप में नियुक्त किया गया है ।

बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना एवं मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) के माध्यम से दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है । यहां ई-गर्वनेंस के माध्यम से और अधिक पारदर्शिता लाई गई है, जहां सभी हितधारकों के साथ सभी संभावित दत्तक माता-पिता भी अपने प्रकरण की स्थिति और प्रगति की निगरानी कर सकते हैं ।

कानूनी रूप से मुक्त बच्चों के दत्तक ग्रहण हेतु परिवारों को ढूढने के लिए, हमें सेवा प्रदान करने एवं कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है । मैं राज्य सरकारों और केन्द्र शासित प्रदेशों के अन्तर्गत कार्य कर रहे 'राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों' को यह परामर्श देना चाहती हूं कि वे अपने क्षेत्र में दत्तक ग्रहण कार्यक्रमों को और अधिक गति प्रदान करें । समाज में जागरूकता पैदा करने के लिए भी प्रयास किए जाने चाहिए । बच्चों के लिए सुरक्षात्मक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए इनकी सक्रिय भागीदारी होना आवश्यक है ।

मैं केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की टीम के सभी सदस्यों को उनके अथक प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ ।

स्मृति इरानी

(स्मृति ज़ूबिन इरानी)

Ministry of Women & Child Development : Room No. 353, 'A' Wing, Shastri Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 011, Phone : 23074052-54, Fax: 23387384
Ministry of Textiles : Room No. 129, 'D' Wing, Udyog Bhawan, New Delhi-110011, Phone : 23061385, 23063779, Fax : 23061575

देबश्री चौधरी
DEBASREE CHAUDHURI



सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली-110001
MINISTER OF STATE
MINISTRY OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI-110001

**दिनांक: 20.11.2019**

## संदेश

बच्चे हमारे देश का भविष्य एवं राष्ट्र का सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है। बाल्यावस्था के संदर्भ में राष्ट्र की सामाजिक–आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धारणा तथा परिवार व समाज में बच्चे की वृहतर भूमिका के बावजूद किसी भी बच्चे की सुव्यवस्थित वृद्धि और विकास के लिए सार्वभौम स्वीकृत अनिवार्य आधारभूत आवश्यकतायें है।

दत्तक ग्रहण न केवल नि:संतान दंपत्तियों और एकल व्यक्तियों के लिए बल्कि परिवार विहीन बच्चों के लिए भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। यह एक अभिभावक–बाल संबंध को उन लोगों के बीच स्थापित करने में सक्षम बनाता है जो जैविक रूप से सम्बद्ध नहीं है। दत्तक बच्चे माता–पिता के गर्भ से नहीं उत्पन्न होते बल्कि उनका जन्म माता–पिता के ह्रदय से होता है।

मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष हो रहा है कि दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 के बनने तथा कियान्वयन के पश्चात केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण ने बच्चों के पुर्नवास हेतु विभिन्न हितधारकों को दत्तक ग्रहण कानून, नियमों और विनियमां हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया है साथ ही उन्होंने राज्य सरकारों, न्यायालयों और बाल संरक्षण समितियों, आदि से भी सामंजस्य स्थापित कर इस प्रकिया को सुगम बनाया है। हांलाकि हमें अभी भी बहुत कुछ करना है लेकिन हर कदम संस्थागत देखभाल में रह रहे प्रत्यके बच्चे को घर का सुरक्षात्मक वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर है।

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि कारा दत्तक ग्रहण की प्रकिया की पारदर्शिता और नैतिक आचरण को बढावा दे रहा है जो विभिन्न लोगों के द्वारा पंसद किया जा रहा है।

मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षो में भी दत्तक ग्रहण के माध्यम से केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण बच्चों के पुर्नवास के कार्य की निरंतरता को बनाये रखेगा।

मैं केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण को दत्तक ग्रहण कार्यकम को विस्तारित करने के लिए शुभकामनाएं देती हूँ।

**(देबश्री चौधरी)**

कार्यालय : कमरा नं. 756, 'ए' विंग, शास्त्री भवन, डा. राजेन्द्र प्रसाद रोड़, नई दिल्ली–110 001, दूरभाष : 23382361–63, फैक्स : 23387854
Off. : Room No. 756, 'A' Wing, Shastri Bhavan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 001, Tel. : 011-23382361-63, Fax. : 011-23387854
E-mail : debasree.chaudhuri@gov.in

रबीन्द्र पंवार
सचिव
**Rabindra Panwar**
Secretary



भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
शास्त्री भवन, नई दिल्ली – 110001

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
SHASTRI BHAWAN, NEW DELHI-110001
Website : http://www.wcd.nic.in

सत्यमेव जयते

# संदेश

केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की वर्ष 2018–19 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के अनुसार देशीय और अंतरदेशीय दत्तकग्रहण के मामलों में राष्ट्रीय केंद्रीय प्राधिकरण और नोडल निकाय के रूप में कार्य करने के अधिदेश के साथ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला एक वैधानिक निकाय है। केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के दत्तकग्रहण की सुविधा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उनके लिए उपयुक्त परिवार को खोज में मदद करता है। इस रिपोर्ट का सबसे प्रोत्साहक सूचक देश की विभिन्न बाल देखरेख संस्थाओं के निराश्रित एंव अनाथ बच्चों के पुनर्वास के लिए विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों (एस.ए.ए) के साथ सभी बाल देखरेख संस्थाओं (सी.सी.आई.) को जोड़ने में कारा द्वारा किए जा रहे सतत प्रयास हैं।

दत्तक ग्रहण प्रणाली में आने वाले दत्तक योग्य बच्चों एवं गोद लेने के लिए प्रतीक्षारत माता–पिताओं की संख्या में भारी अंतर है। हमारे पास बच्चों के दत्तक ग्रहण के इच्छुक माता–पिताओं की संख्या अधिक है जबकि दत्तक ग्रहण के लिए विधिक रूप से स्वतंत्र बच्चों की उपलब्धता बहुत कम है। हमारे पास विशेष आवश्यकताओं वाले एवं अधिक आयु के बच्चों की संख्या ज्यादा हैं जिन्हें स्नेही व समुचित देखभाल करने वाला परिवार मिल पाना बहुत कठिन होता है। अतः परिवार विहीन सभी बच्चों को दत्तक ग्रहण प्रणाली में लाकर हमें अपने प्रयासों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। हमारे हितधारकों को भी कानूनी दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण के माध्यम से संवेदनशील और समर्थ बनाने की आवश्यकता है।

मैं कारा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उनके अथक परिश्रम के लिए सराहना करता हूँ। मैं पुनः इस बात पर बल देना चाहूंगा कि देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों के पुनर्वास के लिए हमारे प्रयासों में बच्चों के सर्वोत्तम हित एवं नैतिक आचरण का सर्वोपरि स्थान होना चाहिए।

(रबीन्द्र पंवार)

Shastri Bhawan, Dr. Rajender Prasad Road, New Delhi-110001
Tel. : 011-23383586 Fax : 011-23381495 E-mail : secy.wcd@nic.in

दीपक कुमार
सदस्य सचिव
व
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
**Deepak Kumar**
Member Secretary
&
Chief Executive Officer



सत्यमेव जयते

CARA

**केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण**
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
भारत सरकार
**CENTRAL ADOPTION RESOURCE AUTHORITY**
MINISTRY OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA

## अभिस्वीकृति

भारत सरकार के एक सांविधिक निकाय के रूप में कारा की चौथी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना मेरे लिए अत्यंत गर्व की बात है। मैं बच्चों के कल्याण हेतु किये गये अथक प्रयासों के लिए अपने अधिकारियों एंव कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूँ। विशाल देश में देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों की उचित देखरेख एवं पुनर्वास सुनिश्चित करने के व्यापक उत्तरदायित्व का निर्वहन करने में, प्राधिकरण सभी हितधारकों जैसे विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों, जिला बाल संरक्षण एककों, बाल कल्याण समितियों, राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों, जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वाले अभिकरणों, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों, न्यायपालिका, प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण, भारतीय राजनयिक मिशनों एवं भावी दत्तक माता–पिता की सक्रिय भागीदारी की सराहना करता है।

भारत सरकार के केंद्रीय प्राधिकरण के तौर पर, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि कारा बच्चों के हित को सर्वोपरि रखते हुए, देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों के पुनर्वास को सुनिश्चित करने में सहायक रहा है। देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों के लिए गैर–संस्थागत देखरेख सर्वोत्तम विकल्प होता है और बच्चों के लिए परिवार मिलने की संभावना की हमेशा प्रयास की जानी चाहिए। इसी क्रम में, बड़े बच्चों के दत्तक ग्रहण को समर्थकृत करने के लिए, हमने अभी तक 5682 बाल देखरेख संस्थाओं को विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों से जोड़ दिया है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण एंव परामर्श सुविधाओं का प्रावधान एक महत्वपूर्ण विषय है जिनके प्रति हम संवेदनशील हैं और हम राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और जिला स्तर पर संसाधन विकसित करने का कार्य कर रहे है।

मैं माननीय मंत्री और सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की अध्यक्षता वाली संचालन समिति को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत प्राधिकरण को दिए गए अधिदेश का निर्वहन करने में उचित मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ।

दीपक कुमार

**सदस्य सचिव और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कारा**

पश्चिमी खंड–8, विंग–4, प्रथल तल, रामा कृष्णा पुरम, नई दिल्ली–110066। दूरभाष : 011–26760302, फैक्स : 011–26180198, मोबाईल : 8588868739
ई–मेलः deepakkumar.668m@gov.in, captdkumar@gmail.com, वैबसाइटः www.cara.nic.in
West Block-8, Wing-IV, Ist Floor, R.K. Puram, New Delhi-110066. Phone : 011-26760302, Fax: 011-2618 0198. Mobile : 8588868739
E-mail: deepakkumar.668m@gov.in, captdkumar@gmail.com, Website: www.cara.nic.in

# परिवर्णी शब्द

| | | |
|---|---|---|
| **एआर** | : | दत्तक ग्रहण विनियम |
| **एएफएए** | : | अधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण |
| **सीए** | : | केंद्रीय प्राधिकरण (बाल संरक्षण और अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण की बाबत सहयोग पर हेग कन्वेंशन 1993 के अंतर्गत केंद्रीय प्राधिकरण) |
| **सीएआरए** | : | केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण |
| **केयरिंग्स** | : | बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) |
| **सीसी** | : | अनुपालन प्रमाण पत्र |
| **सीसीआई** | : | बाल देखभाल संस्थान |
| **सीडब्ल्यूसी** | : | बाल कल्याण समिति |
| **डीसीपीयू** | : | जिला बाल संरक्षण एकक |
| **डीसीपीओ** | : | जिला बाल संरक्षण अधिकारी |
| **एचएसआर** | : | गृह अध्ययन रिपोर्ट |
| **आईसीपीएस** | : | समेकित बाल संरक्षण स्कीम, |
| **आईसीटी** | : | सूचना और संचार प्रौद्योगिकी |
| **आईडीएम** | : | भारतीय राजनायिक मिशन |
| **आईईसी** | : | सूचना, शिक्षा और संप्रेषण |
| **जे जे एक्ट** | : | किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 |
| **जे जे नियम** | : | किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) मॉडल नियम, 2016 |
| **एमआईएस** | : | प्रबंधन सूचना प्रणाली |
| **एनओसी** | : | अनापत्ति प्रमाण पत्र |
| **एनआरआई** | : | अनिवासी भारतीय |
| **ओएएस** | : | अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित |
| **ओसीआई** | : | भारत के विदेशी नागरिक |
| **पीएपी** | : | भावी दत्तक माता–पिता |
| **एसएए** | : | विशिष्ट दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण |
| **एसएआरए** | : | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण |
| **एसएनसी** | : | विशेष जरूरतों वाले बालक |

अध्याय : 1

# भूमिका




दिनांक 30 जुलाई, 2018 को प्रवासी भारतीय केंद्र, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक में माननीय श्रीमती मेनका संजय गांधी, केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और श्री राकेश श्रीवास्तव, सचिव, महिला एंव बाल विकास मंत्रालय

## 1-1 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा)

1.1.1 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) की स्थापना जून, 1990 में कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बच्चों के दत्तक ग्रहण के विनियमन, निगरानी और प्रोत्साहन हेतु की गई थी जिसका मुख्य अधिदेश देखभाल व संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों के लिए प्यार भरे परिवारों का पता लगाना है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल के दिनांक 02 जुलाई, 1998 के निर्णय के अनुसार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण को सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक सोसाइटी के रूप में 'पंजीकृत कर 18 मार्च, 1999 को स्वायत्तता का दर्जा प्रदान किया है। किशोर न्याय अधिनियम, 2000 के तहत दत्तक ग्रहण से संस्थागत बच्चों के दत्तक ग्रहण स्थापन में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मान्यता प्राप्त अभिकरणों और प्राधिकरणों की भागीदारी से बच्चों का दत्तक ग्रहण में स्थानन संभव हो सका है।

1.1.2 15 जनवरी, 2015 को भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 68 के माध्यम से कारा ने अंतर्देशीय दत्तक हेतु हेग कन्वेंशन के तहत भारत के केंद्रीय प्राधिकरण के रूप में अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण विनियमित करने और दत्तक ग्रहण संबंधी विषयों प र विनियम निरूपित करने के अधिदेश के साथ एक सांविधिक निकाय का दर्जा प्राप्त किया। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) के माध्यम से, देशीय दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देता है, अंतर–राज्य दत्तक ग्रहण को सुकर बनाता है और अंतरदेशीय दत्तक ग्रहणों को विनियमित करता है। कारा की महत्वकांक्षा अधिकतम बच्चों को दत्तक परिवारों के साथ गैर–संस्थागत देखभाल में रखने की है। कारा वर्ष 2003 अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण की बावत बाल संरक्षण और सहयोग पर हेग कन्वेंशन, 1993 के अंतर्गत केंद्रीय प्राधिकरण के रूप में नामित किया गया। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण का प्रमुख सदस्य सचिव एंव मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं और इसकी संस्वीकृत क्षमता 37 अधिकारियों एंव कर्मचारियों की है।

1.1.3 **किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम, 2015 की धारा 68 के अनुसार केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण को निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतू अधिदेश दिया गया है–**

(क) देश में दत्तक ग्रहण को प्रोन्नत करना और राज्य अभिकरणों के समन्वय से अंतरराज्यिक दत्तक ग्रहण को सुकर बनाना;

(ख) अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण को विनियमित करना;

(ग) समय समय पर दत्तक ग्रहण और संबंधित विषयों पर ऐसे विनियमनों की विरचना करना, जो आवश्यक हों;

(घ) अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण के बाबत बालकों के सरंक्षण और सहयोग पर हेग अभिसमय के अधीन केंद्रीय प्राधिकरण के कृत्यों में कार्यान्वित करना;

(ड) दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 के विनियमन 37 के अंतर्गत यथा विनिर्दिष्ट कोई अन्य कृत्य;

1.1.4 **कारा का उद्‌देश्य** बच्चों के सर्वोत्तम हित, भावी दत्तक माता पिता को सुविज्ञ निर्णय लेने में, सक्षम बनाने के लिए नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण, ऑनलाइन पंजीकरण, रेफरल (वरिष्ठता के आधार पर), आरक्षित और मिलान प्रणाली व पारदर्शिता हेतु ऑफलाइन मिलान को समाप्त करना सुनिश्चित करना है। नई बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) में दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए उद्यमान प्रौद्योगिकी है और ई–अभिशासन के माध्यम से दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया में हो रहे विलंब को भी कम करती है।

1.1.5 **कारा का विज़न** माता–पिता की देखरेख से वंचित बच्चे और वह बच्चे जो अनाथ, परित्यक्त, अभ्यर्पित है, के लिए पालन–पोषण एवं देखभाल करने वाले परिवार की तलाश करना है। कारा का मिशन देश के प्रत्येक कोने में दत्तक ग्रहण सेवाओं का विस्तार करना, दत्तक ग्रहण के माध्यम से बच्चो के शीघ्र पुनर्वास के प्रयास करना, दत्तक ग्रहण अभिकरणों के क्रियाकलापों में मानकीकरण सुनिश्चित करना, दत्तक ग्रहण में नैतिक प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना और दत्तक ग्रहण के इच्छुक माता पिता को सुविधायें प्रदान करना है।

## 1.2 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की संचालन समिति

1.2.1 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की संचालन समिति का गठन किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 69 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिनांक 22/3/2016 के कार्यालय ज्ञापन सं. – सीडब्ल्यू–।।/26/7/2015–सीडब्ल्यू–।। के द्वारा 15/01/2016 से दो वर्षों के कार्यकाल हेतु किया गया है। उक्त संचालन समिति के कार्यकाल को नई संचालन समिति के गठन तक बढ़ाया गया है। तत्पश्चात्, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की संचालन समिति का पुनर्गठन किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 69 के अंतर्गत भारत का राजपत्र के में, असाधारण, भाग–।।, खण्ड 3 उपखण्ड–(ii) से प्रकाशित महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अधिसूचना सं 3162 दिनांक 10/8/2018 के अनुसार दिनांक 10/08/2018 से दो वर्ष की अवधि हेतु किया गया। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की संचालन समिति की संरचना नीचे दी गई है–

(क) सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार–अध्यक्ष (पदेन)

(ख) संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, प्राधिकरण के कार्य से संबंधित–सदस्य (पदेन)

(ग) संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार वित्तीय कार्यो से संबंधित सदस्य (पदेन)

(घ) राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण से एक सदस्य;

(ड) विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों से दो सदस्य;

(च) एक दत्तक माता–पिता;

(छ) एक दत्तक बालक अथवा बालिका;

(ज) एक वकील या एक आचार्य, जिसके कुटुम्ब विधि में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो;

(झ) सदस्य सचिव, जो संगठन का मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी होगा।

### 1.2.2 अध्यक्ष और सदस्यों के नाम और कार्यकाल निम्नानुसार है–

| क्रम. सं. | नाम और पद का विवरण | पद |
|---|---|---|
| (क) | श्री राकेश श्रीवास्तव<br>सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार,<br>कमरा नं. 601, छठा तल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001<br>(31/03/2019 तक) | अध्यक्ष (पदेन) |
| (ख) | सुश्री एम.आर.टीशेयरिंग<br>संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहाकार, महिला एंव बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार<br>तीसरा तल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001<br>(17/05/2017 से 01/10/2018 तक)<br><br>श्री अली रजा रिज़वी<br>अपर सचिव और वित्तीय सलाहाकार, महिला एंव बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार<br>शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001<br>(01/10/2018 से) | सदस्य (पदेन) |
| (ग) | सुश्री आस्था सक्सेना खटवानी<br>संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार,<br>तीसरी तल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001<br>(23/05/2017 से 08/10/2018 तक)<br><br>श्री आशीष श्रीवास्तव संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार,<br>तीसरा तल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001<br>(08/10/2018 से 31/03/2019 तक ) | सदस्य (पदेन) |
| (घ) | श्री लाहूराज माली<br>आयुक्त, महिला एवं बाल विकास, महाराष्ट्र सरकार,<br>महाराष्ट्र राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी, दूसरा तल, 28 प्रिंस गार्डन,<br>कोरेगांव पार्क रोड, पुराने सर्किट हाउस के पास, पुणे, महाराष्ट्र –411001<br>{राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा), महाराष्ट्र के प्रतिनिधि}<br>(10/08/2018 तक)<br><br>डॉ (सुश्री) एम. गीता<br>सचिव (अध्यक्ष, सारा), महिला एंव बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार,<br>महानदी भवन, नया रायपुर, छत्तीसगढ़–492002<br>(राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा), छत्तीसगढ़ की प्रतिनिधि)<br>(10/08/2018 से 31/03/2019 तक) | सदस्य |
| (ड) | सुश्री विजन्दिरा बोई<br>निदेशक, महिला विकास एवं बाल कल्याण, तेलंगाना सरकार,<br>डी.नं.8–3–222, वेंगल राव नगर, अमीरपेट, स्टेट होम कैम्पस, यूसुफगुडा रोड,<br>हैदराबाद, तेलंगाना–599938<br>(शिशु गृह, महिला एंव बाल विकास विभाग, तेलंगाना सरकार द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए) की प्रतिनिधि)<br>(10/08/2018 तक)<br><br>डॉ (सुश्री) वंदना वर्मा<br>निदेशक, महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार,<br>जवाहर भवन, आठवा तल, अशोक मार्ग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001<br>(राजकीय बाल गृह, रामपुर, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए) की प्रतिनिधि)<br>(10/08/2018 से 07/01/2019 तक की अवधि हेतु) | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| | सुश्री सी.इंदूमति<br>निदेशक, महिला एंव कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार,<br>जवाहर भवन, आठवीं मंजिल, अशोक मार्ग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001<br>(राजकीय बाल गृह, रामपुर, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए) की प्रतिनिधि)<br>(07/01/2019 से 31/03/2019 तक की अवधि हेतु) | |
| (च) | सुश्री गीताश्री अधिकारी<br>करुणा पश्चिम बंगाल महिला एवं बाल कल्याण सोसाइटी,<br>234, श्री राम डांग रोड, साईकिया, हावडा, पश्चिम बंगाल– 711106<br>(पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए) की प्रतिनिधि)<br>(10/08/2018 तक)<br><br>डॉ. (सुश्री) प्राजक्ता कुलकर्णी<br>संस्थापक/निदेशक, स्नेहांकुर दत्तक ग्रहण केंद्र,<br>नवल एस्टेट, प्लाट नं.12, क्रम.सं 416/1, संदीप होटल के पास,<br>अहमदनगर–पुणे रोड, केडगांव, अहमदनगर, महाराष्ट्र–414005<br>(गैर–सरकारी संगठन द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए) की प्रतिनिधि)<br>(10/08/2018 से) | सदस्य |
| (छ) | श्री अविनाश कुमार<br>ओ–51, निवेदिता कुंज, सैक्टर–10, आर.के.पुरम, नई दिल्ली–110066<br>(दत्तक माता–पिता )<br>(10/08/2018 तक)<br><br>डॉ (सुश्री) मीना राधाकृष्णा<br>फ्लैट नं. 535, अनतारा, पुरूकुल रोड, गुनियाल गांव,<br>पो.ओ–सिनोला, देहरादून, उत्तराखंड–248003<br>(दत्तक माता–पिता)<br>(10/08/2018 से) | सदस्य |
| (ज) | सुश्री समीहा ग्रेवाल<br>जे–231, प्रथम तल, साकेत, नई दिल्ली–110017<br>(दत्तक)<br>(10/08/2018 तक)<br><br>सुश्री प्रिया श्रीनिवासन,<br>7039, बी–10, वंसत कुंज, नई दिल्ली–110070<br>(दत्तक)<br>(10/08/2019 से) | सदस्य |
| (झ) | सुश्री किरण सिंह<br>201–ए, डेल ब्लॉक, 1/2 वैभव खंड, इंदिरा पुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश<br>(वकील)<br>(10/08/2018 तक)<br><br>सुश्री अर्पणा भट्ट<br>ए–11, एलजीएफ, रियर साइड, नीति बाग, नई दिल्ली–110049<br>(वकील)<br>(10/08/2018 तक) | सदस्य |
| (ञ) | श्री दीपक कुमार<br>सदस्य सचिव और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण,<br>महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार,<br>वेस्ट ब्लाक–8, विंग –2, आर.के.पुरम, नई दिल्ली–110066<br>(11/07/2016 से) | सदस्य सचिव<br>(सह–पदेन) |

## 1.3 कारा की सलाहकार समिति

**1.3.1** दिनांक 23/02/2017 के कार्यालय ज्ञापन सं सीडब्ल्यू –।। – 26/9/2016 – सीडब्ल्यू –।। के माध्यम से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने हेतू कारा की सलाहकार समिति में समिति के गठन की तिथि से 2 वर्ष की अवधि हेतु सलाहकार समिति का गठन किया है। जिसमें अध्यक्ष और सदस्य सचिव सहित 16 सदस्य शामिल है। इस बीच में, महिला एंव बाल विकास मंत्रालय ने केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के लिए दिनांक 15/02/2018 और दिनांक 28/05/2018 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से जिसमें एक अध्यक्ष तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित कुल 13 और 24 सदस्यों के द्वारा दो बार सलाहकार समिति का पुनर्गणन किया गया। अध्यक्ष और सदस्यों का विवरण इस प्रकार है–

| क्रम.सं. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| (1) | श्री एम. रामाचंद्र रेड्डी (हैदराबाद, तेलंगाना) | अध्यक्ष |
| (2) | श्री शिवानंद एम. डम्बल (बैंगलुरू, कर्नाटक) | सदस्य |
| (3) | श्री दुर्गेश केशवानी (भोपाल, मध्य प्रदेश) | सदस्य |
| (4) | श्री जोयदेव मजुमदार (कोलकाता, पश्चिम बंगाल) | सदस्य |
| (5) | श्रीमती सुषमा खरकवाल (लखनऊ, उत्तर प्रदेश) | सदस्य |
| (6) | श्री रूपाशेखर चोलापाचे (बेलगवी, कर्नाटक) | सदस्य |
| (7) | डॉ बाबूगोडा पाटिल (पणजी, गोवा) | सदस्य |
| (8) | सुश्री प्रियादर्शनी चोर्गे (कोल्हापुर, महाराष्ट्र) | सदस्य |
| (9) | सुश्री रेणुका विष्णु गुले (औरंगाबाद, महाराष्ट्र) | सदस्य |
| (10) | सुश्री शीला बजाज (बैंगलुरू, कर्नाटक) | सदस्य |
| (11) | सुश्री निशा झा (पटना, बिहार) | सदस्य |
| (12) | सुश्री संध्या बजाज (संगम विहार, दिल्ली) | सदस्य |
| (13) | डॉ आर.आर. फुलिया, सेवानिवृत आईएएस (कुरूक्षेत्र, हरियाणा) | सदस्य |
| (14) | सुश्री सुतापा सानयाल, सेवानिवृत आईपीएस (नोएडा, उत्तर प्रदेश) | सदस्य |
| (15) | श्री जे.सी, मोहंती, सेवानिवृत आईएएस टजयपुर, राजस्थान) | सदस्य |
| (16) | श्री सुनील कुमार, सेवानिवृत आईएएस (पटना, बिहार) | सदस्य |
| (17) | एडवोकेट सी.एस.डीआज (एरनाकुलम, केरल) | सदस्य |
| (18) | सुश्री इंदिरा मिश्रा, सेवानिवृत आईएएस (रायपुर, छत्तीसगढ़) | सदस्य |
| (19) | श्री चमाला भास्कर रेड्ढी (रंगारेड्डी, तेलगांना) | सदस्य |
| (20) | श्री सुनील यशवंत देवार्डे (कोलापुर, महाराष्ट्र) | सदस्य |
| (21) | ले.जनरल ए.आर. प्रसाद (बिहार) | सदस्य |
| (22) | सुश्री के. पुष्पलीला (हैदराबाद, तेलगांना) | सदस्य |
| (23) | डॉ श्रीनू गुण्डलापल्ली (नालगोंडा, तेलगांना) | सदस्य |
| (24) | प्रशासनिक अधिकारी, कारा | सदस्य–सचिव |

**नोट** – सलाहाकार समिति के सभी सदस्यों को दिनांक 22/07/2019 के कार्यालय ज्ञापन सं सीडब्ल्यू–।।–26/9/2016–सीडब्ल्यू–।। के आदेशानुसार जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है।

### 1.4 राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा)

समेकित बाल संरक्षण स्कीम (आईसीपीएस) के अंतर्गत स्थापित राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा) को राज्य में बालकों के दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने का अधिदेश प्राप्त है। इसे सारा दत्तक ग्रहण कार्यक्रम में समन्वय, निगरानी और उसका विकास करने, विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों (एसएए) की स्थापना में सहायता करने, ऐसे सभी अभिकरणों की एक व्यापक सूची का रख रखाव करने, यह सुनिश्चित करने कि बालकों के सभी दत्तक ग्रहण/स्थायी स्थानन विधि और दत्तक ग्रहण विनियम के अनुसार हों, जिला बाल संरक्षण एकक की सहायता से दत्तक ग्रहण योग्य बालकों का एक केंद्रीयकृत वेब आधारित डाटाबेस का रखरखाव करने, बाल देखभाल संस्थाओं (सीसीआई) के साथ लिंकेज को बढ़ावा देने और एसएए के कार्य की निगरानी करने की भी अपेक्षा की जाती है। यह अभिकरणों और सीसीआई के बीच समन्वय भी सुनिश्चित करता है और दत्तक ग्रहण पूर्व तथा दत्तक ग्रहण के दौरान, दोनों के दौरान दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में होने वाले विलंब का समाधान करने के प्रयास करता है। राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों की सूची **परिशिष्ट–क** पर है। सारा से एसएए का नाम, पता और संपर्क का ब्यौरा और इसके साथ जैसे ही ऐसे अभिकरणों को मान्यता अथवा नवीनीकरण प्रदान किया जाए तो उसके पत्र और प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) को उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।

### 1.5 जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू)

**1.5.1** डीसीपीयू समेकित बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के अंतर्गत स्थापित जिला बाल संरक्षण अभिकरण हैं। वे जिले में अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बालकों की पहचान करने और बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) द्वारा दत्तक ग्रहण हेतु कानूनी तौर पर स्वतंत्र घोषित करवाने के लिए उत्तरदायी हैं। विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों (एसएए) या बाल देखरेख संस्था (सीसीआई) की सहायता से करते हैं। उन्हें यह सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता है कि एसएए द्वारा बाल अध्ययन रिपोर्ट ओर चिकित्सा जांच रिपोर्ट दत्तक ग्रहण के लिए कानूनी सेवाओं को स्वतंत्र घोषित होने की तारीख से 10 दिन में भीतर बालक दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) पर अपलोड कर दी गई हो; दत्तक ग्रहण को सुकर बनाने के लिए उसी अथवा अन्य जिलों में एसएए के साथ बाल देखभाल संस्थान के लिंकेज को सुकर बनाया जायें और प्रत्येक दत्तक ग्रहण बच्चे की प्रगति को ट्रैक किया जाये।

1.5.2 इसके अतिरिक्त, डीसीपीयू से यह अपेक्षित है कि जहां कहीं आवश्यकता हो, वे सीडब्ल्यूसी की प्रत्यावर्तन के प्रयासों और समाचार–पत्रों में बालक के बारे में सूचना प्रकाशित करने, परिवीक्षा अधिकारी से सामाजिक जांच रिपोर्ट और एसएए की सहायता से पुलिस से अनुपलब्धता पता न लगाने योग्य रिपोर्ट प्राप्त करने में सहायता सहित दत्तक ग्रहण हेतु परित्यक्त बच्चों को कानूनी रूप से स्वतंत्र घोषित कराने की प्रक्रिया पूरी करने में सहायता करेंगे। संबंधित सारा के माध्यम से केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण से जुड़े डीसीपीयू के राज्य वार आंकड़े **परिशिष्ट–ख** में दिए गए हैं।

### 1.6 विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए)

1.6.1 किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 65(1) के अनुसार, राज्य सरकार दत्तक ग्रहण और गैर–संस्थागत देखभाल के माध्यम से अनाथ, परित्यक्त अथवा अभ्यर्पित बालकों के पुर्नावास के लिए, प्राधिकरण द्वारा विरचित दत्तक ग्रहण विनियमों में यथा उपबंधित रीति से, प्रत्येक जिले में एक अथवा अधिक संस्थाओं या संगठनों को विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों के रुप में मान्यता देगी।

1.6.2 एसएए इसकी देखरेख में रह रहे प्रत्येक बच्चे की देखरेख, संरक्षण एवं कल्याण के लिए उत्तरदायी होता है। एसएए दत्तक ग्रहण के माध्यम से बच्चों के पुनर्वास में और भावी दत्तक माता–पिता की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह दत्तक ग्रहण किए जाने वाले प्रत्येक बालक के आनॅलाइन डाटाबेस का रख–रखाव करता है और बच्चों से संबंधित सभी दस्तावेज तैयार करता है। यह भावी दत्तक माता–पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट भी दत्तक ग्रहण मार्गदर्शी सिद्धांत, 2015 में यथानिर्दिष्ट तरीके से तैयार करता हैं। वर्तमान में, दत्तक ग्रहण (देश के भीतर और अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण) में बालकों को रखने हेतु, उनके संबंधित राज्यों द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी और गैर–सरकारी, दोनों प्रकार के अभिकरण

है। विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों के राज्य–वार आंकड़े **परिशिष्ट–ग** में दिए गए हैं।

## 1.7 प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण (एएफएए)

1.7.1 कारा विदेशों में रह रहे भावी दत्तक माता–पिता (पीएपी) जिनमें अनिवासी भारतीय, प्रवासी भारतीय नागरिक (ओसीआई), एवं विदेशी नागरिक शामिल हैं, के आवेदनों को प्रयोजित करने के लिए विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरणों को प्राधिकृत करता है। ये अभिकरण अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण के मामलों की कार्रवाई करने हेतु प्राप्तकर्ता देशों में मान्यता प्राप्त अभिकरणों के रुप में जाने जाते हैं (हेग कन्वेंशन में यथा परिभाषित)। एएफएए से भारत से बच्चों का दत्तक ग्रहण करने के इच्छुक पीएपी को पंजीकृत करना और उनकी गृह अध्ययन रिपोर्ट को जल्दी से पूरा करना; केंद्रीय प्राधिकरण से दत्तक ग्रहण के लिए अनापत्ति प्रमाण–पत्र की प्राप्ति के बाद शीघ्र दत्तक ग्रहण सुनिश्चित करने हेतु एसएए के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना और ''दत्तक ग्रहण मार्गदर्शी सिद्धांत, 2017'' में उनके लिए यथा अधिदेशित अन्य कार्यकलाप करना अपेक्षित होता है। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरणों के देश–वार आंकडे **परिशिष्ट–घ** पर संलग्न हैं।

## 1.8 केंद्रीय प्राधिकरण (सीए) और विदेश में भारतीय राजनयिक (आईडीएम) मिशन–

1.8.1 हेग अनुसमर्थित कुछ देशों में, केंद्रीय प्राधिकरण (कारा के समकक्ष) भारत से दत्तक–ग्रहण के इच्छुक भावी दत्तक माता–पिता के मामलों को प्रायोजित एवं पंजीकृत करते हैं। कुछ गैर–हेग अनुसमर्थित देशों में, भारतीय राजनयिक मिशन अनिवासी भारतीय और प्रवासी भारतीय नागरिकों द्वारा भारत से दत्तक ग्रहण करने के मामलों को प्रयोजित करने में लगे हुए है।

**अध्याय : 2**

# गतिविधियां

## 2.1 बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शक प्रणाली (केयरिंग्स)

2.1.1 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा), महिला एंव बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय किशोर अधिनियम के अंतर्गत बच्चों के दत्तक ग्रहण हेतु ऑनलाइन केन्द्रीकृत संसाधन उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के तकनीकी सहयोग से बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स),एक ई–गर्वनेंस पहल विकसित की है।

2.1.2 यह वेब आधारित निगरानी प्रणाली एसएए/सीसीआई द्वारा बच्चों के ब्यौरों की प्रविष्टि करने के साथ–साथ भावी दत्तक माता–पिता द्वारा दत्तक ग्रहण के लिए पंजीकरण के लिए एक पारदर्शी एंव पूर्ण रूप से स्वचालित प्रणाली उपलब्ध कराती है। यह शीघ्र और सुचारु दत्तक ग्रहण को सुकर बनाती है जिसके परिणामस्वरूप कार्यान्वित अभिकरणों की जवाबदेही सुनिश्चित करती है। यह पक्षकारों का नेटवर्क तैयार करती है, और कारगर नीति निर्माण और अनुसंधान को सक्षम बनाने के लिए राष्ट्रीय आंकड़ा आधार का रख–रखाव करती है। केयरिंग्स राष्ट्रीय स्तर पर कारा द्वारा और राज्य स्तर पर सारा द्वारा और जिला स्तर पर डीसीपीयू द्वारा दत्तक ग्रहण प्रक्रिया और दत्तक ग्रहण पश्चात प्रक्रिया पर ऑनलाइन निगरानी की सुविधा प्रदान करती है।

### 2.1.3 केयरिंग्स की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं–

(क) दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना;

(ख) दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में विलंब को कम से कम करना;

(ग) भावी दत्तक माता–पिता को सुविज्ञ निर्णय लेने हेतु सक्षम बनाना;

(घ) नीतिगत निर्णय लेने में सहायता करने के लिए डाटाबेस से बुद्धिमतापूर्ण विश्लेषण प्राप्त करना;

(ड.) केंद्रीय स्तर पर कारा/राज्य स्तर पर सारा द्वारा दत्तक ग्रहण और दत्तक ग्रहण पश्च प्रक्रिया की ऑनलाइन निगरानी प्रदान कर दत्तक ग्रहण प्रणाली में सुधार लाना;

(च) अध्यवसायी नीति नियोजन के लिए एक डाटाबेस तैयार करना;

(छ) माता–पिता की देखभाल के बिना रह रहे बच्चों का पूरा डेटाबेस रखने के लिए दत्तक ग्रहण अभिकरणों और बाल देखभाल संस्थाओं के बीच संपर्क बनाना ताकि उन्हें जल्द से जल्द परिवार में स्थापित किया जा सके।

(झ) बेहतर मिलान के लिए और दत्तक ग्रहण के इच्छुक माता–पिता की सहायता करने के लिए उन्हें प्रासंगिक जानकारी और स्थिति ट्रैक उपलब्ध कराकर बच्चे और माता–पिता की प्रोफाइल बनाने में समर्थकृत करना।

### 2.1.4 केयरिंग्स के लाभ–

(क) केयरिंग्स देश भर में लगभग 469 विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों, 625 जिला बाल संरक्षण एककों और 34 राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों को तथा प्राप्तकर्ता देशों के केंद्रीय प्राधिकरणों, 274 प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरणों/ केंद्रीय प्राधिकरणों जैसे अंतराष्ट्रीय निकायों और विदेशों में भारतीय राजनयिक मिशनों को भी कारा से जोड़ने के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करती है।

(ख) बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) दत्तक ग्रहण प्रक्रिया का केन्द्र बन चुकी है और ई–गर्वनेंस टूल के रूप में उत्कृष्टता हासिल कर चुकी है और इसे एक ऐसी प्रणाली या प्लेटफॉर्म के रूप में अभिहीत किया गया है जिसके द्वारा कानूनी दत्तक–ग्रहणों पर प्रक्रिया की जाएगी।

(ग) भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किशोर न्याय अधिनियम, 2015 और किशोर न्याय मॉडल नियम, 2016 दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 के प्रावधानों के अनुसार केयरिंग्स देश में और अंतरदेशीय बालक दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के कार्यान्वयन,

निरीक्षण, निगरानी और मूल्याकंन के लिए सहायक रही है।

(घ) केयरिंग्स बाल संरक्षण और अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण की बावत सहयोग पर हेग कन्वेंशन, 1993 के अंतर्गत भारत एक हस्ताक्षरी देश है जो अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल की पुष्टि करती है और राष्ट्रीय कानूनों की भी पुष्टि करती है।

(ड) केयरिंग्स के प्रभाव को सभी स्तरों पर व्यापक रूप में स्वीकारा गया है तथा राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर दत्तक ग्रहण कार्यक्रम में एक नई प्रणाली के रूप में इसकी सरहाना की जा रही है।

(च) वर्ष 2017 में, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण ने केयरिंग्स पर एक ऑनलाइन पूछताछ/शिकायत मॉड्यूल की शुरूआत की और इसे कारा की वेबसाइट www.cara.nic.in के जरिए एक्सेस किया जा सकता है। ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली एक शिकायत पंजीकरण और ट्रेकिंग प्रणाली है जो शिकायतों के पंजीकरण हेतु इंटरनेट, फोन और ई–मेल का उपयोग करती है।

(छ) इस प्रकार केयरिंग्स ने निम्नलिखित तरीकों से संगठन की सहायता की है–

(i) दत्तक ग्रहण प्रकिया की ऑनलाइन निगरानी से विभिन्न स्तरों पर विलंब को समझने और प्रणाली की खामियों को दूर करने में सहायता मिलती है;

(ii) डाटा विश्लेषण एक समयबद्ध तरीके से महत्वपूर्ण निर्णय लेने को संभव बनाता है;

(iii) केयरिंग्स पर दत्तक ग्रहण अभिकरणों का पंजीकरण;

(iv) भावी दत्तक माता–पिता का ऑनलाइन पंजीकरण;

(v) विशिष्ट जरूरतमंद बच्चों का शीघ्र स्थापन;

(vi) दत्तक ग्रहण पश्चात ऑनलाइन अनुवर्ती कार्रवाई;

(vii) एसएए के साथ संपर्क के माध्यम से अन्य सीसीआई में स्थानन किए गए बच्चों का दत्तक ग्रहण;

(viii) देशीय दत्तक ग्रहण की प्राथमिकता सुनिश्चित करना।

### 2.1.5 विभिन्न प्रचालित मॉड्यूल

(क) भावी दत्तक माता–पिता, राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण, जिला बाल संरक्षण एकक और केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण हेतु देश में अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बच्चों के दत्तक ग्रहण हेतु मॉड्यूल।

(ख) भावी दत्तक माता–पिता, राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण, जिला बाल संरक्षण एकक, और केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिरकरण हेतु अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बच्चों के अंतर–देशीय दत्तक ग्रहण हेतु मॉड्यूल।

(ग) भावी दत्तक माता–पिता, सारा, डीसीपीयू एवं कारा हेतु देश में नातेदारी दत्तक ग्रहण मॉड्यूल।

(घ) सारा, डीसीपीयू, एएफएए एवं कारा हेतु अंतरदेशीय नातेदारी दत्तक ग्रहण मॉड्यूल।

(ड) भावी दत्तक माता–पिता, राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण, जिला बाल संरक्षण एकक और केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण हेतु सौतेले माता–पिता द्वारा दत्तक ग्रहण मॉड्यूल।

(च) शिकायत पोर्टल

(छ) अंतरदेशीय भावी दत्तक माता–पिता द्वारा दत्तक ग्रहण की स्थिति का पता लगाने हेतु मॉड्यूल

2.1.6 समय की जरूरतों और आवश्यकता के आधार पर केंयरिंग्स में समय–समय पर उन्नयन किया गया है।

### 2.2 प्रशिक्षण और विकास

2.2.1 विभिन्न हितधारकों और सेवा प्रदाताओं के लिए केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण गतिविधियों का उद्देश्य निम्नलिखित है–

(क) किशोर न्याय अधिनियम, 2015, समरूपी किशोर न्याय मॉडल नियम, 2016 और दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017, सरकार के द्वारा दत्तक ग्रहण और पोषक देखरेख से संबंधित की गई नीतिगत पहल मे यथा परिकल्पित देश में दत्तक ग्रहण करने और गैर–संस्थागत देखभाल कार्यक्रम को सुदृढ़ करने के लिए;

(ख) दत्तक ग्रहण प्रणाली में अधिक पारदर्शिता हेतु बाल संरक्षण प्रणाली केयरिंग्स आदि में आईटी अनुप्रयोगों पर जानकारी देना;

(ग) बालक संरक्षण प्रणाली में विशेषकर माता–पिता की देखभाल से वंचित बच्चों के लिए अभिशासन को बढ़ावा देना;

(घ) दत्तक ग्रहण सहित विभिन्न बाल संरक्षण मुद्दों को पहचानने के कौशल को सुदृढ़ बनाना;

(ङ) समन्वय तंत्र को मजबूत करने के लिए भागीदारी और संयुक्त आयोजना शुरू करने तथा दत्तक ग्रहण हेतु समन्वित वकालत को सुकर बनाना;

(च) प्रतिभागियों को अपने वर्ततान स्थिति में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए अद्यतन दिशा–निर्देशों/नियमों की जानकारी देने तथा अपने क्षेत्रों में आवश्यक कौशल विकसित करने में सहायता करना;

(छ) एसएए–सीसीआई लिंकेज की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए मुद्दों को, देशीय/अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण, एचएसआर/सीएसआर/एमईआर की तैयारियों विशेष जरूरतमंद/बड़े बच्चों के दत्तक ग्रहण से संबंधित मुद्दों का समाधान करने के साथ–साथ दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में हो रही देरी से संबंधित मुद्दों का समाधान करना;

(ज) दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया के दौरान जरूरतों, मुद्दों, सामने आई चुनौतियों और आवश्यकताओं के बारे में प्रतिभागियों से फीडबैक प्राप्त करना।

2.2.2 **कारा के विशेषज्ञों के एक पूल की उप समिति का गठन:** दिनांक 26 नवंबर 2018 को आयोजित की 18 वीं संचालन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार डॉ. मीना राधाकृष्ण, सदस्य, संचालन समिति की अध्यक्षता में सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा परामर्श और एचएसआर की तैयारी पर व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए विशेषज्ञों की एक उप समिति का 11/01/2019 को गठन किया गया था। उप समिति की संरचना इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| (क) डॉ. मीना राधाकृष्ण | – | अध्यक्ष |
| (ख) डॉ विनीता भार्गव | – | सदस्य |
| (ग) सुश्री नीना नायक | – | सदस्य |
| (घ) सुश्री सीमा खांडेकर | – | सदस्य |
| (ड़) सुश्री राधा नागेश | – | सदस्य |
| (च) डॉ नीलिमा मेहता | – | सदस्य |
| (छ) डॉ भवनीत भारती | – | सदस्य |
| (ज) सुश्री सिंधु नाइक | – | सदस्य |
| (झा) डॉ शोभा श्रीनाथ | – | सदस्य |
| (ञ) सुश्री कविता भंडारी | – | सदस्य |

2.2.3 दिनांक 15 जनवरी, 2019 को उप–समिति की पहली बैठक हुई और इस पायलट परियोजना के तहत दिनांक 14 से 16 मार्च, 2019 तक दिल्ली मे तीन दिनों का पहला आवासीय प्रशिक्षण नई दिल्ली क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया।



दिनांक 15 जनवरी, 2019 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित उप–समिति की पहली बैठक



दिनांक 14 से 16 मार्च, 2019 को राष्ट्रीय बाल भवन, नई दिल्ली में दिल्ली के सामाजिक कार्यकर्ताओं की तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला

2.2.4 वर्ष 2018–19 के दौरान, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण ने किशोर न्याय अधिनियम, 2015, किशोर न्याय मॉडल नियम, 2016 और दत्तक ग्रहण विनियमन, 2017 के प्रावधानों के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा दत्तक ग्रहण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के दौरान उभर कर आए मुद्दों/सरोकारों को हल करने के संबंध में जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण, संचेतना कार्यक्रम और अन्य गतिविधियां आयोजित की गई। उपरोक्त चर्चा के विवरण निम्नानुसार सूचीबद्ध हैं–

| क्रम.सं. | कार्यक्रम का ब्यौरा | वर्ष 2018–19 के दौरान किए गये कार्यक्रम के संख्या |
|---|---|---|
| (क) | राज्य सरकारों/ केंद्र शासित राज्यों के सहयोग से कारा द्वारा बहु–पक्षकारों के लिए दत्तक ग्रहण पर आयोजित राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम | 12 |
| (ख) | केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों के लिए इन–हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम | 03 |
| (ग) | एसएए और डीसीपीयू के सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए तीन आवासीय प्रशिक्षण | 01 |
| (घ) | पश्चिम बंगाल न्यायिक अकादमी, कोलकाता में दत्तक ग्रहण के मुद्दों पर संवेदनशीलता के लिए जिला व परिवार न्यायालयों के न्यायधीशों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम | 01 |
| (ङ) | प्रवासी भारतीय केंद्र 2018–19 में एसएआरए के लिए पुनरीक्षण बैठक तथा नये केयरिंग्स का परिचय | 01 |
| (च) | केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण का वार्षिक महोत्सव, 2019 | 01 |

2.2.5 **दत्तक ग्रहण पर बहुहितधारकों के लिए राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम– जिनमें** बहु–हितधारक प्रतिभागियों के लिए राज्य स्तरीय अभिविन्यांस कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों (एसएए), जिला बाल संरक्षण एककों(डीसीपीयू), बाल कल्याण समितियों (सीडब्ल्यूसी), राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों, दत्तक ग्रहण मामलों से संबंधित राज्य सरकार के विभाग, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, जन्म प्रमाणपत्र जारी करने वाले कार्यालय के प्रतिनिधि, निपसिड के संकाय तथा दत्तक माता–पिता शामिल हैं। वर्ष 2018–19 के दौरान निम्नलिखित अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए :

| कम.सं | कार्यकम की तिथि | स्थान | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| (क) | 25 और 26 जून, 2018 | रायपुर, छत्तीसगढ | 181 |
| (ख) | 10 जुलाई, 2018 | 'चण्डीगढ़, पंजाब | 60 |
| (ग) | 17 सितम्बर, 2018 | 'चण्डीगढ़, पंजाब | 200 |
| (घ) | 09 अक्टूबर, 2018 | पटना, बिहार | 162 |
| (ङ) | 27 नवंबर, 2018 | दीव (यूटी) | 100 |
| (च) | 22 दिसम्बर, 2018 | रायपुर, छत्तीसगढ़ | 219 |
| (छ) | 04 जनवरी, 2019 | बेलगावी, कर्नाटक | 416 |
| (ज) | 04 जनवरी, 2019 | सिलिगुड़ी, पश्चिम बंगाल | 131 |
| (झ) | 18 जनवरी, 2019 | 'चण्डीगढ़, हरियाणा | 70 |
| (ञ) | 23 जनवरी, 2019 | पुदुचेरी (यूटी) | 110 |
| (ट) | 19 फरवरी, 2019 | 'दिल्ली (यूटी) | 48 |
| (ठ) | 14 मार्च, 2019 | कोलकाता, पश्चिम बंगाल | 116 |

*हालांकि ये कार्यक्रम राज्य सरकार द्वारा आयोजित किये गए थे, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण ने अपने संसाधन व्यक्तियों के माध्यम से सुविधा प्रदान की ।



25 और 26 जून, 2018 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में



10 जुलाई, 2018 को चण्डीगढ़, पंजाब



17 सितम्बर, 2018 को चण्डीगढ़, पंजाब में



09 अक्टूबर, 2018 को पटना, बिहार में



27 नवंबर, 2018 को दीव में



22 दिसंबर, 2018 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में




04 जनवरी, 2019 को सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल में



04 जनवरी, 2019 को बेलागवी जिला, कर्नाटक में



18 जनवरी 2019 को चण्डीगढ़, हरियाणा में



23 जनवरी, 2019 को पुदुचेरी में



19 फरवरी, 2019 को दिल्ली में



14 मार्च, 2019 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में

2.2.6 **इन–हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रमः** कारा ने परामर्शदाताओं और युवा पेशेवरों के नए नियुक्त संविदात्मक कर्मचारियों तथा कानून की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए किशोर न्याय अधिनियम, 2015 और दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 के बारे में उन्मुखीकरण करते हुए इन–हाउस प्रशिक्षण आयोजित किए।

| क. सं | कार्यक्रम की दिनांक | कार्यक्रम का विवरण | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| (क) | 18 सिंतबर, 2018 और 26 अक्टूबर, 2018 | केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण में दत्तक ग्रहण कानूनों पर जेईएमटीईसी विवि स्कूल के एलएलबी पाठ्यक्रम के दूसरे तथा तीसरे वर्ष के छात्रों के लिए एक सप्ताह अभ्यास प्रशिक्षण | 113 |
| (ख) | 18 अक्तूबर से 25 अक्तूबर, 2018 | दत्तक ग्रहण कार्यक्रम और केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के भूमिका के बारे में संक्षिप्त जानकारी देने के लिए सूचीबद्ध संविदा कर्मचारियों के लिए एक सप्ताह की अवधिका आयोजित प्रशिक्षण | 12 |
| (ग) | 02 फरवरी, 2019 | केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण में मांइड मैनेजमेंट और कार्यालयी पद्धतियों पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई और इसका आयोजन कार्यों श्री रिपू सदन, आर्ट ऑफ लिविंग, कोलकाता के द्वारा किया गया। | 56 |



दिनांक 18 सितम्बर, 2018 व 26 अक्तूबर, 2018 को जेईएमटीईसी स्कूल ऑफ लॉ के दूसरे और तीसरे वर्ष के पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए आयोजित अभ्यास प्रशिक्षण



दिनांक 18 अक्तूबर से 25 अक्तूबर, 2018 तक आयोजित सूचीबद्ध संविदा कर्मचारियों का प्रशिक्षण



आर्ट ऑफ लिविंग के श्री रिपू सदन, कोलकाता, पश्चिम बंगाल द्वारा मांइड मैनेजमेंट और कार्यालयी पद्धतियों पर एक दिवसीय कार्यशाला



दिनांक 26 अक्तूबर, 2018 को जेईएमटीईसी स्कूल ऑफ लॉ के दूसरे और तीसरे वर्ष के पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए अभ्यास प्रशिक्षण

**2.2.7 वर्ष 2018–19 के दौरान एसएए और डीसीपीयू के सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए तीन आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला** –

समाजिक कार्यकर्ताओं की तीन विसीय कार्यशालाओं के माध्यम से पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने की पायलट परियोजना के तहत डीसीपीयू और क्षेत्र के सभी एसएए के सामाजिक कार्यकताओं के लिए राष्ट्रीय बाल भवन, नई दिल्ली में पहला प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

| क. सं | कार्यक्रम की तिथि | राज्य | शहर | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| (क) | 14–16 मार्च, 2019 | दिल्ली | दिल्ली | 53 |





**2.2.8 दत्तक ग्रहण के मुद्दों पर संवेदीकरण के लिए जिला और परिवार न्यायलय के न्यायाधीशों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम**– दिनांक 11 अगस्त, 2018 को राज्य न्यायिक अकादमी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में संकाय और वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों (जिला न्यायालय के विद्वत जिला न्यायाधीशों एवं अपर जिला न्यायधीशों और परिवार न्यायालयों के प्रमुख न्यायाधीशों) के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ संयुक्त निदेशक, कारा ने संसाधन व्यक्तियो के रूप में भाग लिया।

| क्र. सं | कार्यक्रम की तिथि | कार्यक्रम का विवरण | स्थान | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| (क) | 11 अगस्त, 2018 | पश्चिम बंगाल न्यायिक अकादमी, कोलकाता में जिला और परिवार न्यायलय के न्यायाधीशों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम | कोलकाता | 40 |





### 2.2.9 राज्यों एंव केंद्र भाासित प्रदेशों द्वारा दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक तथा नये केयरिंग्स का परिचय–

कारा ने दिनांक 30 जुलाई, 2018 को प्रवासी भारतीय केंद्र, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में राज्यों एंव केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के कार्यान्वयन पर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया। सभी राज्यों/केंन्द्र शासित प्रदेशों के संबंधित विभाग के प्रधान सचिव, जो राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा) के अध्यक्ष हैं और संबंधित विभाग के निदेशक, जो सारा के सदस्य सचिव हैं, बैठक में आमंत्रित किये थे। बैठक के निम्नलिखित उद्देश्य थे–

(क) राज्यों में दत्तक ग्रहण कार्यक्रम की समीक्षा प्रगति करना

(ख) राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वयन किए जा रहे दत्तक ग्रहण कार्यक्रम से संबंधित मुद्दों एवं सहकारों और विशेषकर राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरणों, जिला बाल संरक्षण एककों और बाल कल्याण समितियों की भूमिका पर चर्चा करना।

(ग) दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को आगे और सरल बनाने, विनियमित करने और उसमें तेजी लाने के लिए अच्छी प्रथाओं और आगे की योजना को साझा करना।

(घ) एनआईसी द्वारा नए केयरिंग्स पोर्टल का परिचय देना।












मननीय केंद्रीय मंत्री श्रीमती मेनका गांधी की अध्यक्षता में दिनांक 30 जुलाई, 2018 को नई दिल्ली में 'राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेश द्वारा दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के कार्यान्वयन' पर केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक।

2.2.10 **दिनांक 15 जनवरी, 2019 को केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण का चौथा वार्षिक दिवस समारोह**– केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण ने दिनांक 15 जनवरी, 2019 को भारतीय अंतराष्ट्रीय केंद्र में चौथे वार्षिक दिवस का आयोजन किया गया। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण 15 जनवरी, 2016 की किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अधिनियम के साथ महिला एंव बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय बना। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण का वार्षिक दिवस समारोह में राज्य सरकारों के अधिकारियों, दिल्ली की राज्य दत्तक ग्रहण अभिकरण/जिला बाल सरंक्षण एकक/बाल कल्याण समिति के प्रतिनिधियों, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की सलाहाकार समिति के सदस्यों, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की संचालन समिति के सदस्यों, महिला एंव बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सभी सांविधिक निकायों (एनसीपीसीआर, निपसिड, एनसीडब्लयू, सीएसडब्ल्यूबी, आरएमके) के अध्यक्षों, महिला एंव बाल विकास मंत्रालय के अधिकारियों और केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के अधिकारियों तथा परामर्शदाताओं ने भाग लिया गया। इस समारोह की अध्यक्षता श्री राकेश श्रीवास्तव, सचिव, महिला एंव बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई।











केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण का वर्ष 2019 का वार्षिक कैलेंडर स्मारिका का विमोचन अध्यक्ष, संचालन समिति तथा महिला एंव बाल विकास मंत्रालय के अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उदयन घर, नई दिल्ली के बच्चों के द्वारा वंदना और अलग–अलग संगीतमय प्रस्तुति दी गई।

## 2.3 निरीक्षण एवं निगरानी

2.3.1 यह देखने के लिए कि सभी सहयोगी अभिकरण किशोर न्याय अधिनियम, 2015 तथा दत्तक ग्रहण विनियम, 2017 में यथा अनुबंधित अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं, कारा एवं बाल विकास मंत्रालय ने वर्ष 2018–19 के दौरान दत्तक ग्रहण अभिकरणों का निरीक्षण किया। वर्ष 2018–19 के दौरान, कारा और महिला एंव बाल विकास मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा राज्य स्तरीय दौरों के अलावा अधिनियम, नियम एवं विनियम में अधिदेशित कार्यक्रम की निगरानी करने के लिए देश भर में 91 निरीक्षण/दौरे किए। निरीक्षण/दौरे निम्नलिखित की संवीक्षा अथक जांच करने के लिए किए गए–

(क) एजेंसी इन विनियमों के प्रावधानों के अनुसार अपने कार्यों व भूमिका का कुशलता से निर्वहन कर रही है;

(ख) कि दत्तक ग्रहण, संगठन द्वारा बच्चों के हित में कल्याणकारी गतिविधि के रूप में देखा जाता है न कि एक वाणिज्यिक गतिविधि के रूप में;

(ग) वास्तव में देशीय तथा अंतर–देशीय दत्तक ग्रहण किए गए बच्चों की कुल संख्या और ब्यौरा;

(घ) बच्चों के दत्तक ग्रहण से संबंधित रिकॉर्ड, उनके प्रवेश से लेकर कानूनी दत्तक ग्रहण की डिक्री तक और अनुवर्ती प्रगति के साथ–साथ संबंधित रजिस्टर;

(ड) क्या बच्चों के दत्तक ग्रहण में स्थानन के लिए विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी द्वारा शीघ्र और पर्याप्त प्रयास किए गए हैं;

(च) क्या एजेंसी ने वार्षिक रिपोर्ट, खातों के लेखा परीक्षित विवरण और मासिक रिपोर्टें राज्य सरकार या राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी को और प्राधिकरण को दत्तक ग्रहण के आंकड़े नियमित रूप से और निर्धारित समय के भीतर प्रस्तुत किये है;

(छ) क्या विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी नियमित रूप से समय पर बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली में आंकडे और रिपोर्ट अघतन कर रही है;

(ज) क्या विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी इन विनियमों और बाल देखभाल के न्यूनतम मानक अनुसूची 13 में यथा निर्दिष्ट होंगे। यथा उपबंधित संस्था में गुणवतापूर्ण बाल देखभाल सुविधाओं का रख–रखाव द्वारा प्रदान कर रही है;

(झ) भावी दत्तक माता–पिता द्वारा भुगतान की गई फीस और दत्तक ग्रहण फीस के उपयोग के रसीद व वित्तीय रिकॉर्ड;

(ञ) क्या विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी के खिलाफ किसी भी प्रकार के कदाचार का कोई मामला सामने आया है।

2.3.2 किए गए निरीक्षणों का सार नीचे तालिकाबद्ध किया है–

| क्र. सं. | राज्य / केंद्र शासित प्रदेश | दत्तक ग्रहण अभिकरण की संख्या जिनका निरीक्षण / दौरा किया गया |
|---|---|---|
| 1 | दिल्ली | 3 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1 |
| 3 | उत्तर प्रदेश | 20 |
| 4 | तेलंगाना | 3 |
| 5 | हरियाणा | 1 |
| 6 | उत्तराखंड | 1 |
| 7 | बिहार | 1 |
| 8 | असम | 1 |
| 9 | अरूणाचल प्रदेश | 1 |
| 10 | मध्य प्रदेश | 7 |
| 11 | महाराष्ट्र | 27 |
| 12 | गुजरात | 9 |
| 13 | कर्नाटक | 4 |
| 14 | राजस्थान | 1 |
| 15 | तमिलनाडु | 2 |
| 16 | ओडिशा | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| 17 | छत्तीसगढ़ | 1 |
| 18 | हिमाचल प्रदेश | 1 |
| 19 | झारखंड | 1 |
| 20 | सिक्किम | 1 |
| 21 | मेघालय | 1 |


सलाहाकार समिति के सदस्य द्वारा कर्नाटक के कालाबुरागी में एसएए का निरीक्षण


सलाहाकार समिति के सदस्य द्वारा बीदर, कर्नाटक में एसएए का निरीक्षण


दिनांक 13 अगस्त, 2018 को विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण, पालीश्री महिला समिति, गरापुर, ओडिसा का निरीक्षण


दिनांक 31 अक्तूबर, 2018 को सलाहाकार समिति के सदस्य श्री जे.सी मोहंती का बरीपादा, ओडिसा का दौरा


दिनांक 01 सितम्बर, 2018 को बाल देखभाल संस्थान आर्या अंथल्या का निरीक्षण



दिनांक 24 नवंबर, 2018 को होली कॉस सोसाइटी, नई दिल्ली का निरीक्षण

**2.4 प्रचार एवं जागरूकता**

2.4.1 केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण जो किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 68 में यथाविनिर्दिष्ट या तो स्वयं या अपने सहयोगी निकायों के माध्यम से दत्तक–ग्रहण एवं अन्य गैर संस्थागत बाल देखभाल सेवाओं को प्रोत्साहित करने की वकालत करने, जागरूकता पैदा करने एवं सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों में भी लगा हुआ है। वर्ष 2018–2019 के दौरान मीडिया में विज्ञापन देने व प्रचार करने के क्रियाकलापों की मुख्य बातें निम्नानुसार हैं :–

(क) कारा 15 मई, 2018 में फेसबुक पर सीईओ, कारा के साथ प्रश्न एवं उत्तर लाइव के माध्यम से आम लोगों से और 27 अप्रैल, 2018 को भावी दत्तक माता–पिताओं के साथ जनसंपर्क के माध्यम से जुड़ा। 15 मई, 2018 को लाइव प्रश्न एवं उत्तर सत्र में कुल 13568 लोगों ने कारा से संपर्क किया। 27 अप्रैल, 2018 को आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में स्पष्टीकरण प्राप्त करने के उद्देश्य से लगभग 70 भावी दत्तक माता–पिताओं ने भाग लिया।

(ख) ''देशों के बीच केन्द्रीय प्राधिकारणों की उचित पद्धतियों एवं सहयोग पर गोलमेज सम्मेलन'' के लिए 25 मई, 2018 को 13वें ईयूआरएडॉप्ट अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। कारा के सीईओ ने मिलान, इटली में आयोजित सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को संबोधित किया एवं भारत में अंतर–देशीय दत्तक ग्रहण के नियमों, विनियमों एवं दत्तक ग्रहण की पद्धतियों के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से समझाया।

(ग) कारा ने स्कॉच कंसल्टैंसी एंड सविर्सेस प्रा. लिमिटेड द्वारा 22 जून, 2018 को आयोजित उभरते भारत की स्थिति पर राष्ट्रीय प्रदर्शनी जैसी विभिन्न प्रदर्शनियों एवं 26 अक्तूबर से 4 नवंबर, 2018 तक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जैविक उत्सव में सहभागिता करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

(घ) कारा ने अंतर्राष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण माह नवंबर के दौरान कानूनी दत्तक ग्रहण पर संदेश का प्रसार किया जिसे देश भर के 41 समचार पत्रों में 18 नवंबर, 2018 को एक विज्ञापन प्रकाशित करते हुए दत्तक–ग्रहण जागरूकता माह के रूप में मनाया गया।

(ङ) विभिन्न राष्ट्रीय टेलीविजन चैनलों ने कानूनी दत्तक ग्रहण के महत्व पर लोगों को संदेश देने के साथ बच्चों को गोद लेने की उन प्रक्रियाओं एवं उपायों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिन्हें सरकार सुगम बना रही है। कारा एवं एमडब्ल्यूसीडी के अधिकारियों ने इन कार्यक्रमों में विशेषज्ञ के तौर पर भाग लिया।

(च) बाल न्याय अधिनियम पर जागरूकता बालकों की देखभाल व संरक्षण और कानून का उल्लंघन सामना करने वाले बालकों की कानून कैसे सहायता करता है विषय पर 20 जुलाई, 2018 को दूरदर्शन नेशनल पर 'बातें जीत की' कार्यक्रम का प्रसारण हुआ।

(छ) राज्य सभा टीवी पर 24 सितंबर, 2018 को एक अन्य कार्यक्रम 'देश–देशांतर' – गोद लेने के नियम व सरोकारः का भी प्रसारण हुआ। इस कार्यक्रम में देश एवं अंतर–देशीय दत्तक–ग्रहण दोनों के लिए गोद लेने की प्रक्रिया शामिल थी।

(ज) बाल दिवस (14 नवंबर, 2018) को आकाशवाणी समाचार न्यूज हिंदी ने 'चर्चा का विषय है' का प्रसारण किया जिसमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कारा ने गोद लेने में किए गये कानूनी प्रावधानों पर चर्चा में भाग लिया।

(झ) 15 नवंबर, 2018 को दूरदर्शन राष्ट्रीय पर 'द न्यू इंडिया संकल्प' कार्यक्रम प्रसारित हुआ जिसमें किशोर न्याय (देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के तहत किए जा रहे सरकारी प्रावधानों पर चर्चा की गई थी।

(ञ) कारा ने 25 से 27 जनवरी, 2019 तक झुंझनू, राजस्थान में आयोजित 'सबका साथ, सबका विकास'' के विषय पर साईमी सेशिएल डेवलेपमैंट द्वारा 'स्रजन' नामक राष्ट्रीय एक्स्पो एवं संगोष्ठी में भाग लिया।



मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कारा के साथ सोशल मीडिया पर दिनांक 15 मई, 2018 को आयोजित लाइव प्रश्नोत्तर



दिनांक 27 अप्रैल, 2018 को भावी दत्तक माता–पिता के लिए जन संपर्क पहल



25 मई, 2018 को मिलान में इटैलियन सेंट्रल अर्थॉर्टी (सीएआई) एवं 13वें ईयूआरएडॉप्ट अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आमंत्रण पर सीईओ, कारा लाइव




18 नवंबर, 2018 (अंतर्राष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण माह) के अवसर पर कानूनी दत्तक ग्रहण पर जोर देते हुए देश भर में 41 समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन




22 जून, 2018 को कारा ने स्कॉच कंसल्टैंसी एंड सर्विसेस प्रा. लिमिटेड द्वारा आयोजित उभरते भारत की स्थिति पर राष्ट्रीय प्रदर्शनी




इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र में 26 अक्तूबर से 4 नवंबर, 2018 तक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जैविक उत्सव, 2018 में कारा



किशोर न्याय अधिनियम पर जागरूकता–विषय पर 20 जुलाई, 2018 को दूरदर्शन पर प्रसारित 'बातें जीत की' कार्यक्रम। दीपक कुमार, सीईओ, कारा, महिला एंव बाल विकास मंत्रालय को श्री राजेश कुमार, अवर सचिव एवं श्री मनोज कुमार सिंह, निदेशक विशेषज्ञ पैनलिस्ट को रूप में उपस्थित थे।




14 नवंबर, 2018 को दूरदर्शन चैनल पर किशोर न्याय अधिनियम पर जागरूकता एवं कानून बालकों की देखभाल व संरक्षण के अलावा कानून का उल्लंघन करने वाले बालकों कैसे सहायता करता है, विषय पर 'न्यू संकल्प इंडिया' प्रसारित कार्यक्रम में श्री आशीष श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव, एमडब्ल्यूसीडी, श्री दीपक कुमार, सीईओ, कारा अन्य विशेषज्ञों के साथ चर्चा करते हुए।




देश देशांतर गोद लेने के नियम और सरोकार दिनांक 24 सितंबर, 2018 को राज्य सभा के चैनल पर दत्तक ग्रहण नियम और सरोकार




15 नवंबर, 2018 को दूरदर्शन नेशनल पर का 'चर्चा का विषय' कार्यक्रम में न्यू इंडिया संकल्प




27 अगस्त, 2018 को दत्तक ग्रहण के बारे में लोक सभा टीवी पर प्रसारित 'मेरे घर आई एक नन्ही परी' कार्यक्रम




'प्यारी परी' दत्तक ग्रहण पर भारत की पहली पोडकास्ट कथा है। माता–पिता प्रिया और राकेश की मेजबानी मे 'प्रिया परी'श्रोताओं को उनकी दत्तक ग्रहण की यात्रा पर ले जाएगी और इससे जुड़े प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दिनाक 22 सितंबर, 2018 को श्री दीपक कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कारा का पोडकास्ट साक्षात्कार






केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण ने 25 से 27 जनवरी, 2019 तक राजस्थान के झुंझुनू में आयोजित 'सबका साथ सबका विकास' के मोटो पर सामाजिक विकास द्वारा राष्ट्रीय एक्सपो और सेमिनार में भाग लिया।

**2.4.2 हौसला 2018** : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने 26 नवंबर से 29 नवंबर, 2018 तक बाल दिवस समारोह के हिस्से के तौर पर हौसला, 2018 का आयोजन किया। इस वार्षिक कार्यक्रम के दूसरे संस्करण का उद्‌घाटन निपसिड (राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास) संस्थान में सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने किया। जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं इसके संबद्ध निकायों के अन्य अधिकारीगण भी शामिल थे। इसमें देश भर में मौजूद बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले बच्चों को समारोह मनाने का अवसर प्राप्त हुआ जिसमें उन्होंने सांस्कृतिक, अकादमिक एवं खेलकूद की गतिविधियों में अपनी योग्यता का अनूठा प्रदर्शन किया। यह चार दिवसीय कार्यक्रम था जिसमें देश भर के 19 राज्यों के 500 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कारा ने बाल सुरक्षा पर चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें एएसएसआईटीईजे इंडिया के माध्यम से आयोजित किए जा रहे 'कहानी सुनाना' सत्र एवं केंब्रिज डीएवी, पुष्पांजलि, दिल्ली के छात्रों द्वार प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कुछ आश्‍चर्यजनक प्रतिभाएं देखी गई। इस वर्ष समारोह व क्रियाकलाप बाल सुरक्षा के विषय पर केन्द्रित थे। इस कार्यक्रम की झलकः










2.4.3 **कारा वार्षिक कैलेंडर 2019 एवं कारा स्मारिका का विमोचनः** कारा का वार्षिक कैलेंडर, 2019 का विमोचन एमडब्ल्यूसीडी के अन्य अधिकारियों के साथ–साथ कारा की संचालन समिति के अध्यक्ष द्वारा किया। इस समारोह में उद्यान घर, नई दिल्ली के बच्चों ने वंदना एवं अलग–अलग गीत–संगीत प्रस्तुत किये।







**2.5 महत्वपूर्ण परिपत्र एवं एडवाईजरी**

2.5.1 गोद लेने की प्रक्रिया को सुगम बनाने पर अप्रैल, 2018 से मार्च, 2019 तक विभिन्न पणधारकों जिनमें राज्य सरकारें, बाल कल्याण समितियां, डीसीपीयू, न्यायालय इत्यादि शामिल हैं को कारा/एमडब्ल्यूसीडी द्वारा अनेक परिपत्र व एडवाईजरी जारी की गई। ये सभी परिपत्र एवं परामर्शी सूचनाएं कारा की वेबसाइट पर डाली गई हैं और कुछ महत्वपूर्ण परिपत्र एवं एडवाईजरी परिशिष्ट–च में दी गई हैं।

**2.6 अन्य पहलें, उपलब्धियां एवं प्रशस्तिः**

2.6.1 **शुरू की गई महत्वपूर्ण नीति/कार्यक्रम संबंधी गतिविधियां**

(क) **40 वर्ष से अधिक आयु वाली एकल महिला पीएपी को समय–पूर्व वरिष्ठता** : 16वीं संचालन समिति ने आर्थिक रूप से समर्थ सभी एकल महिला पीएपी को 06 माह की पूर्वदिनांकित वरिष्ठता प्रदान की है। हालांकि इस बात पर जोर दिया गया है कि उन्हें बड़े बच्चों को गोद लेने में परामर्श दिया जाए।

(ख) **चिकित्सा विशेषज्ञों की अतिरिक्त बैठकें:** पीएपी को रैफर किए गए/उनके द्वारा आक्षित बच्चों के स्वास्थ्य एवं वर्गीकरण के विगत अभ्यावेदन के मामलों की भारी संख्या देखते हुए 17वीं संचालन समिति ने पीएपी द्वारा की गई अपील के मामले में बच्चे के वर्गीकरण पर निर्णय देते के लिए एम्स के चिकित्सा विशेषज्ञों को अतिरिक्त बैठकों का अनुमोदन किया है।

(ग) **विशेष आवश्यकता वाले एवं बड़े बच्चों का पुनर्वास** : कारा देखरेख एवं सरंक्षण की ऐसे बच्चों की जरूरतों को मानते हुए यथाशीघ्र विशेष आवश्यकता एवं त्वरित स्थानन पोर्टल के माध्यम से इन वर्गों के अतंर्गत आने वाले बच्चों के दत्तक ग्रहण को सकुर बनाता है। इन पोर्टलों के माध्यम से वर्ष 2018–19 में विशेष आवश्यकता वाले 403 बच्चों को एवं 302 ऐसे बच्चों को जिन्हें केयरिंग्स पोर्टल के माध्यम से गोद लेने में कठिनाई आ रही थी।

(घ) **एसएए/सीसीआई लिंकेज की संख्या** : माता–पिता की देखरेख के बिना रह रहे प्रत्येक बच्चें तक पहुंच बनने के विचार से विशिष्ट

दत्तक–ग्रहण अभिकरणों (एसएए) एवं बाल देखभाल संस्थाओं (सीसीआई) के बीच लिंकेज स्थापित किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, इसकी समीक्षा करने के उद्देश्य से राज्य सरकारों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से निरंतर संपर्क में रहता है। सभी सीसी. आई के पंजीकरण एवं लिंकेज की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से केन्द्र समय–समय पर राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को पहले ही परिपत्र जारी कर चुका है। 31 मार्च, 2019 तक एसएएए के साथ कुल 5479 सीसीआई जुड़ चुके हैं।

(ङ) **कारा हेल्पलाइनः** पीएपी के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए तीन टेली काउंसलरों के साथ टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800–111–111 शुरू किया गया था। टेली काउंसलरों को औसतन प्रतिदिन 200 कॉल आ रहे हैं एवं संख्या में निरंतर वृद्धि के साथ इस सुविधा का आउटसोर्स के माध्यम से उन्नयन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2018–19 में हेल्पलाइन के माध्यम से 26495 प्रश्नों का निवारण किया गया।

2.6.2 **उपलब्धियां एवं प्रशंसाः** यद्यपि उपलब्धियों की मात्रा का आंकलन नहीं किया जा सकता है, वर्ष 2018–19 के दौरान हासिल की गई कुछ उपलब्धियों की नीचे उल्लेख किया गया है :–

(क) कारा नियम व विनियम, 2018 : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुमोदन से संचालन समिति द्वारा 15/10/2018 को आयोजित इसकी 17वीं बैठक में कारा नियम व विनियम, 2018 अंगीकार किए गये चूंकि कारा किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के कानून से सांविधिक निकाय बन गया है।

(ख) केन्द्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण का सुदृढ़ीकरण : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 18 नये पदों को जिसमें से 15 पद वर्ग 'क' के समकक्ष अधिकारीगण हैं सृजित करने का अनुमा. `दन वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग की डायरी संख्या 1119 दिनांक 16/11/2018 की सहमति के साथ पत्र संख्या सीडब्ल्यू–।। 26/2015–ओ/ओ यूएस (सीडब्ल्यू–।।) दिनांक 15/11/2018 के द्वारा किया गया है।

(ग) कारा के भर्ती नियम : वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग की सहमति से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा नये स्वीकृत पदो के आधार पर कारा के भर्ती नियमों में संशोधन किया गया है। किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 69(3)(ग) के अनुसरण में, संचालन समिति ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुमोदन से 26/11/2018 को आयोजित अपनी 18वीं बैठक में संशोधित भर्ती नियम, 2018 अंगीकृत किए है।


(घ) केयरिंग्स का उन्नयनः लगभग 480 पंजीकृत विशिष्ट दत्तक–ग्रहण अभिकरणों सहित सभी पण धारकों के साथ केयरिंग्स के माध्यम से ऑनलाइन दत्तक–ग्रहण प्रक्रिया का पूरी तरह कार्यान्वयन का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

(ङ) पीएपी को कानूनी रूप से बच्चे को गोद लेने के बारे में संवेदनशील बनाने एवं ऑनलाइन प्रक्रिया के परिणामस्वरूप बच्चों के दत्तक ग्रहण के लिए केयरिंग्स उपयुक्त एवं पात्र पीएपी (23500 से अधिक) का विशाल समूह बन गया है।

(च) विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को विशेष आवश्यकता मॉड्यूल के माध्यम से एवं ऐसे बच्चों को जिनके स्थानन में कठिनाई आती है त्वरित प्लेसमैंट मॉड्यूल के माध्यम से पुनर्वास का फॉस्ट ट्रैक पर काम करना।

(छ) **स्कॉच ऑर्डर–ऑफ–मेरिट पुरस्कार, 2018:** 'बाल दत्तक–ग्रहण संसाधन सूचना एंव मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स)' एवं 'देश में अनाथ/परित्यक्त/अभ्यर्पित बच्चों के सर्वोत्तम हित एवं कल्याण में कार्यान्वित दत्तक–ग्रहण कार्यक्रम' को स्कॉच गोल्ड पुरस्कार प्रदान किया गया। इससे पूर्व, 23 जून, 2018 को भी कारा को अभिशासन हेतु स्कॉच अवार्ड, 2018 एवं 'बाल दत्तक–ग्रहण संसाधन सूचना एंव मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स)' को लिए दो स्कॉच अवार्ड, ऑर्डर–ऑफ–मेरिट पुरस्कार प्रदान किए गये थे।





अध्याय : 3

# वैधानिक अनुपालन

**3.1 सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 से संबंधित जानकारी :**

3.1.1 कारा में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत एक केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) एवं एक अपीलीय प्राधिकारी (एए) है।

3.1.2 वर्ष 2018–19 के दौरान, कारा को कुल 106 ऑनलाइन/ऑफलाइन सीधे हस्तांतरित आरटीआई आवेदन प्राप्त हुए। 106 आरटीआई आवेदनों में से, सीपीआईओ कारा ने वर्ष 2018–19 के दौरान 105 आरटीआई आवेदनों का उत्तर दिया (निपटान/हस्तांतरित)। वर्ष 2018–19 के दौरान, सीपीआईओ कारा ने वर्ष 2016–17 और 2017–18 के 21 लंबित आरटीआई आवेदनों का उत्तर दिया और वर्ष 2018–19 के दौरान, वर्ष 2017–18 01 लंबित अपील आवेदन का भी उत्तर जारी किया।

3.1.3 इसके अलावा, कारा को आरटीआई अधिनियम, 2005 के तहत कुल 06 ऑनलाइन/ऑफलाइन अपील आवेदन (सीधे/हस्तांतरित) और 01 द्वितीय अपीलीय आवेदन जो सीआइसी में दायर किया गया है, प्राप्त हुए। 06 अपील आवेदनों में से, अपीलीय प्राधिकरण (कारा) ने 6 अपील आवेदनों का उत्तर दिया और वर्ष 2017–18 के 01 अपील आवेदन का उत्तर भी वर्ष 2018–19 के दौरान जारी कर दिया है।

3.1.4 सूचना का अधिकार आवेदनों और सूचना का अधिकार अपील आवेदनों का तिमाही वार विवरण नीचे दिया गया है–

(क) सूचना का अधिकार आवेदन–

(31/03/2019 की स्थिति)

| तिमाही | ऑनलाइन/ऑफलाइन प्राप्त आरटीआई की संख्या(सीधे/हस्तांतरित) | हस्तांतरित/निपटान की गई ऑनलाइन/ऑफलाइन आरटीआई की संख्या लंबित | ऑनलाइन/ऑफलाइन आरटीआई की संख्या जिन्हें अगली तिमाही में अग्रेशित किया गया |
|---|---|---|---|
| प्रथम तिमाही | 27 | 18 | 30 |
| द्वितीय तिमाही | 36 | 61 | 05 |
| तृतीय तिमाही | 25 | 22 | 08 |
| चतुर्थ तिमाही | 18 | 25 | 01 |
| **योग** | **106** | **126** | ... |

**नोट**– वर्ष 2018–19 के दौरान, सीपीआईओ ने वर्ष 2016–17 और वर्ष 2017–18 की लंबित बकाया 21 आरटीआई आवेदनों का उत्तर दिया तथा 2018–19 की लंबित 01 आरटीआई आवेदन का निपटान भी वर्ष 2019–2020 के दौरान किया गया।

(ख) सूचना का अधिकार अपील –

(31/03/2019 की स्थिति)

| तिमाही | ऑनलाइन/ऑफलाइन प्राप्त अपीलों की संख्या(सीधे/हस्तांतरित) | हस्तांतरित/निपटान की गई ऑनलाइन/ऑफलाइन अपीलों की संख्या लंबित | लंबित ऑनलाइन/ऑफलाइन अपीलों की संख्या जिन्हें प्रत्युत्तर अगली तिमाही के लिए अग्रेशित किया गया |
|---|---|---|---|
| प्रथम तिमाही | 02 | 02 | 01 |
| द्वितीय तिमाही | 03 | 04 | 00 |
| तृतीय तिमाही | 01 | 01 | 00 |
| चतुर्थ तिमाही | 00 | 00 | 00 |
| **योग** | **06** | **07** | ... |

**नोट**– वर्ष 2018–19 के दौरान, वर्ष 2017–18 की 01 लंबित अपील आवेदन का भी अपीलीय प्राधिकारी (कारा) ने उत्तर दिया।

**3.2 कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न संबंधी जानकारी–**

3.2.1 केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण में कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित एक आंतरिक समिति हैं जिसमें (1) श्रीमती विनिता झा, सहायक निदेशक, कारा –अध्यक्ष (2) श्रीमती ऋचा ओझा, प्रशासनिक अधिकारी, कारा और (3) श्री एस.के. गुप्ता, लेखाधिकारी, कारा सदस्य हैं। इस समिति का कार्यकाल दिनांक 12/04/2018 से तीन वर्ष की अवधि तक है।

3.2.2 वर्ष 2018–19 के दौरान, समिति को, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ कारा के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी से कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

अध्याय : 4

# आंकड़ा आधार

**4.1 अंतिम तीन वर्षों के समेकित दत्तक ग्रहण आंकडे :**

| दत्तक ग्रहण | 2016.2017 | 2017.2018 | 2018.2019 |
|---|---|---|---|
| देशीय | 3210 | 3276 | 3374 |
| अंतरदेशीय | 578 | 651 | 653 |

**4.2 वर्ष 2018–19 हेतू राज्य और लिंग–वार दत्तक ग्रहण (देशीय और अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण) आंकडों का विवरण निम्नानुसार है–**

| क्रम सं. | राज्य और केंद्र शासित प्रदेश | देशीय | | | अंतरदेशीय | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 35 | 56 | 91 | 6 | 16 | 22 |
| 2. | असम | 43 | 67 | 110 | 1 | 4 | 5 |
| 3. | अरूणाचल प्रदेश | 1 | 3 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 4. | बिहार | 34 | 98 | 132 | 4 | 17 | 21 |
| 5. | चंडीगढ़ | 4 | 8 | 12 | 1 | 0 | 1 |
| 6. | छत्तीसगढ़ | 45 | 47 | 92 | 7 | 11 | 18 |
| 7. | दिल्ली | 42 | 78 | 120 | 8 | 25 | 33 |
| 8. | गोवा | 7 | 12 | 19 | 0 | 1 | 1 |
| 9. | गुजरात | 84 | 68 | 152 | 11 | 11 | 22 |
| 10. | हरियाणा | 23 | 35 | 58 | 4 | 10 | 14 |
| 11. | हिमाचल प्रदेश | 6 | 2 | 8 | 1 | 1 | 2 |
| 12. | झारखंड | 33 | 49 | 82 | 3 | 7 | 10 |
| 13. | कर्नाटक | 107 | 130 | 237 | 16 | 28 | 44 |
| 14. | केरल | 71 | 63 | 134 | 5 | 4 | 9 |
| 15. | मध्य प्रदेश | 88 | 115 | 203 | 12 | 24 | 36 |
| 16. | महाराष्ट्र | 305 | 390 | 695 | 63 | 87 | 150 |
| 17. | मणिपुर | 2 | 2 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 18. | मेघालय | 8 | 17 | 25 | 1 | 0 | 1 |
| 19. | मिजोरम | 7 | 15 | 22 | 4 | 6 | 10 |
| 20. | नागालैंड | 5 | 6 | 11 | 0 | 1 | 1 |
| 21. | ओड़िसा | 90 | 118 | 208 | 13 | 23 | 36 |
| 22. | पुडुचेरी | 4 | 6 | 10 | 1 | 1 | 2 |
| 23. | पंजाब | 16 | 50 | 66 | 10 | 17 | 27 |
| 24. | राजस्थान | 64 | 73 | 137 | 5 | 13 | 18 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25. | सिक्किम | 13 | 10 | 23 | 0 | 0 | 0 |
| 26. | तमिलनाडु | 77 | 116 | 193 | 7 | 9 | 16 |
| 27. | तेलंगाना | 34 | 117 | 151 | 17 | 50 | 67 |
| 28. | त्रिपुरा | 8 | 9 | 17 | 1 | 0 | 1 |
| 29. | उत्तर प्रदेश | 63 | 111 | 174 | 15 | 35 | 50 |
| 30. | उत्तराखंड | 11 | 12 | 23 | 2 | 4 | 6 |
| 31. | पश्चिम बंगाल | 67 | 94 | 161 | 14 | 16 | 30 |
| ... | **कुल** | **1397** | **1977** | **3374** | **232** | **421** | **653** |

**4.3 वर्ष 2018–19 हेतू देश और लिंग–वार दत्तक ग्रहण (देशीय और अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण) आंकडों का विवरण निम्नानुसार है–**

| क्रम सं. | देश | अंतरदेशीय | | |
|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | कुल |
| 1. | ऑस्ट्रेलिया | 2 | 5 | 7 |
| 2. | बेल्जियम | 1 | 2 | 3 |
| 3. | कनाडा | 11 | 33 | 44 |
| 4. | डेनमार्क | 1 | 0 | 1 |
| 5. | फिनलैंड | 0 | 6 | 6 |
| 6. | फ्रांस | 9 | 9 | 18 |
| 7. | जर्मनी | 0 | 2 | 2 |
| 8. | हॉगकॉग | 0 | 3 | 3 |
| 9. | इटली | 53 | 62 | 115 |
| 10. | केन्या | 1 | 1 | 2 |
| 11. | माल्टा | 17 | 10 | 27 |
| 12. | मॉरीशस | 0 | 1 | 1 |
| 13. | न्यूजीलैंड | 0 | 8 | 8 |
| 14. | साउथ अफ्रीका | 0 | 1 | 1 |
| 15. | स्पेन | 29 | 56 | 85 |
| 16. | स्वीडन | 6 | 7 | 13 |
| 17. | स्विट्जरलैंड | 0 | 1 | 1 |
| 18. | तंजानिया | 1 | 1 | 2 |
| 19. | यू.के. | 4 | 7 | 11 |
| 20. | यू.ए.ई य | 0 | 2 | 2 |
| 21. | अमेरिका | 97 | 204 | 301 |
| ... | **कुल** | **232** | **421** | **653** |

अध्याय : 5

# अनुलग्नक

5.1 परिशिष्ट – कः राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा) की राज्य–वार सूची का विवरण इस प्रकार है–

| क. सं. | राज्य /केंद्र शासित प्रदेश | संबंधित सारा | संपर्क विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>ओ/ओ महिला विकास एवं बाल कल्याण विभाग,<br>चौथी मंजिल, जम्पानी टॉवर्स, लॉज सेंटर के पास,<br>अमरावती रोड, गुंटूर, आंध्र प्रदेश–522006 | संयुक्त निदेशक<br>मोबाइल : 0944081125, 9440814425<br>दूरभाष : 0863-2332587<br><br>कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 08121034803, 9963332293<br><br>कार्यक्रम अधिकारी आईसीपीएस - 8977000229<br><br>ईमेल : adoptionandhra@gmail.com apwdcw@gmail.com |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | समाज कल्याण विभाग<br>अरूणाचल प्रदेश सरकार<br>पोस्ट बॉक्स नं. – 227,<br>नाहरलागुआन, अरूणाचल प्रदेश–791112 | कार्यक्रम सहायक कर्मचारी 8794592625<br><br>ईमेल : ar.womanchild@gmail.com |
| 3 | असम | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>ओ/ओ राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी, असम सरकार,<br>प्रथम मंजिल, मकान नं. 46, सर्वे बस स्टाप, बेलटोला<br>गुवाहाटी– 28, असम | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 09864483226<br><br>कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल: 09085962276<br><br>दूरभाष : 0361- 2229275, 2265389<br>टेलीफैक्स : 0361-2229275<br><br>ईमेल : scpsassam@gmail.com, saraassam8@gmail.com |
| 3 | बिहार | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>दूसरी मंजिल, अपना घर, ललित भवन के पीछे,<br>पुनाईचक,बेली रोड,<br>पटना–800023, बिहार | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 09955404688<br><br>कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 7858901672<br><br>सहायक कार्यक्रम<br>मोबाइल : 09308784953<br><br>दूरभाष : 0612-2545033<br><br>ईमेल :<br>sara-bih@gov.in<br>brajesh1098@gmail.com, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | चण्डीगढ़ | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>केंद्र शासित बाल संरक्षण सोसाइटी,<br>अतिरिक्त टाउन हॉल बिल्डिंग,<br>तीसरी मंजिल, सेक्टर 17बी, चंडीगढ़ (केंद्र शासित प्रदेश) | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 08146844121<br>दूरभाष : 0172-2548000<br><br>ईमेल :<br>utcpschandigarh@gmail.com |
| 5 | छत्तीसगढ़ | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा)<br>महिला व बाल विकास निदेशालय<br>तीसरी मंजिल, ब्लाक–क,<br>इंदिरावती भवन, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ– 492001 | श्री रमेश साहू<br>सहायक निदेशक<br>मोबाइल : 9165358907<br><br>डॉ. रामशरण चौकसे<br>कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 9827977752<br><br>श्री अशोक सिन्हा<br>कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 9827484691<br><br>टेलीफैक्स : 0771-2220006<br><br>ईमेल :<br>cgsara2015@gmail.com<br>ramsharanchouksey@gmail.com |
| 6 | दादरा नगर हवेली | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>समेकित बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस)<br>तृतीय तल, 312 लेखा भवन, दादरा नगर हवेली प्रशासन,<br>सामाजिक कल्याण विभाग,<br>सिल्वासा–396230, दादरा नगर हवेली | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 9427154262<br><br>ईमेल :<br>dnhsara@gmail.com |
| 7 | दिल्ली | महिला एवं बाल विकास विभाग<br>भारत सरकार दिल्ली<br>प्रथम तल, सेवा कुटीर परिसर, किंग्स वे कैम्प–110009 | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 9718417666<br><br>कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 09911813487<br><br>दूरभाष : 011-23073416, 23073459 (ICPS)<br><br>ईमेल :<br>saraarcdelhi@gmail.com |
| 8 | दमन और दीव | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>समेकित बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस)<br>समाज कल्याण विभाग<br>डी–1/4, प्रथम तल, सरकारी आवास,<br>ढोलर मोती,<br>दमन –396220<br>दमन और दीव | कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 9824512354, 9428760000<br><br>फैक्स : 0260-2230698<br><br>ईमेल :<br>icpsswd@gmail.com |
| 9 | गोवा | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>ओ/ओ महिला एवं बाल विकास निदेशालय, द्वितीय तल,<br>पुरानी शिक्षा बिल्डिंग, 18 जून रोड,पणजी,<br>गोवा –403001 | परिवीक्षा अधिकारी (मुख्यालय)<br>दूरभाष : 0832-9358365,<br>फैक्स : 0832-2426112<br><br>ईमेल :<br>dir-wcd.goa@nic.in |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | गुजरात | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>गुजरात राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी<br>गुजरात सरकार,<br>ब्लाक – 19 तृतीय तल,<br>डॉ जीवराज मेहता भवन,<br>सेक्टर – 10/ए, गांधीनगर,<br>गुजरात – 382010 | कार्यक्रम प्रबंधक<br>Mobile : 09737615383<br><br>कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 09428606094<br><br>दूरभाष : 079-23242521è 22è 23<br>फैक्स : 079-23242522<br>ईमेल : sara.gujarat@gmail.com, |
| 11 | हरियाणा | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>महिला एवं बाल विकास विभाग<br>हरियाणा सरकार<br>बेयस नं 15–20, सेक्टर 4 पंचकुला हरियाणा | कार्यक्रम प्रबंधक<br>दूरभाष : 0172-2560349<br>7986351627<br>ईमेल : sara.icps@gmail.com |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>ओ/ओ महिला एवं बाल विकास निदेशालय, हिमाचल प्रदेश सरकार, केडर भवन,<br>हिमलैंड होटल के निकट, शिमला,<br>हिमाचल प्रदेश – 171001 | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 09418245773<br><br>दूरभाष : 0177-2629731<br>फैक्स : 0177- 2629731<br><br>ईमेल : hscps.icps@gmail.com |
| 13 | झारखंड | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>समाज कल्याण विभाग महिला एवं बाल विकास<br>ओ/ओ झारखंड राज्य बाल संरक्षण सोसायटी,<br>झारखंड सरकार,<br>इंजीनियर होस्टल, द्वितीय तल, सैक्टर– 3,<br>ध्रूवा, रांची – 4, झारखंड–834004 | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 09102205141<br><br>दूरभाष : 0651-6573272<br><br>ईमेल : sarajharkhand@gmail.com |
| 14 | कर्नाटक | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>निदेशालय बिल्डिंग गेट न. 2<br>प्रथम तल, एम.एस. बिल्डिंग,<br>डॉ अंबेडकर वीधी रोड,<br>बैंगलुरू, कर्नाटक– 560001 | उप निदेशक और<br>कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 09886474749<br><br>कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 09008961187, 08022879382<br><br>दूरभाष : 080- 22879381, 22879382, 22353776<br><br>फैक्स 080-22353777<br><br>ईमेल : dirwcd@kar.nic.in, jdpdm.dwcd@gmail.com,<br>icpssarakar@gmail.com |
| 15 | केरल | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>महिला एवं बाल विकास विभाग<br>केरल सरकार,<br>आईपीसीएस– सारा पूजापुरा, तिरूवनंतपुरम – केरल | संयुक्त निदेशक<br>मोबाइल : 09447533690<br><br>कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 09747499612<br><br>दूरभाष : 0471-2344230<br>ईमेल : keralasara@gmail.com,<br>icpskerala@gmail.com |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16 | मध्य प्रदेश | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा)<br>महिला एवं बाल विकास निदेशालय,<br>द्वितीय स्टॉप, तुलसी नगर,<br>महिला भवन, जवाहर बाल भवन परिसर,<br>भोपाल–462001, मध्य प्रदेश | अपर निदेशक<br>मोबाइल : 7552550940<br><br>सहायक निदेशक<br>मोबाइल : 9131942143<br><br>ईमेल : icpsbhopal@gmail.com, icpsscheme.we@mp.gov.in |
| 17 | महाराष्ट्र | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>महाराष्ट्र राज्य बाल संरक्षण सोसायटी,<br>द्वितीय तल, महिला एवं बाल विकास आयोग, महाराष्ट्र सरकार,<br>28, क्वींस गार्डन, पुराने सर्किट हाउस के निकट,<br>पुणे– 411001<br>महाराष्ट्र | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 9960897907<br><br>कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 9767483881<br><br>दूरभाष : 020-26360063<br><br>ईमेल : sara.mscps@gmail.com |
| 18 | मणिपुर | राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>समाज कल्याण विभाग,<br>मणिपुर सरकार<br>निदेशालय परिसर,<br>एटी लाइन (द्वितीय एमआर गेट),<br>इंफाल, मणिपुर–795001 | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 08415902838<br><br>कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 08415943378<br><br>ईमेल : manipursara@gmail.com |
| 19 | मेघालय | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>ओ/ओ राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी मेघालय सरकार,<br>लोवर लंचूमीचरी,<br>हॉपकिंग्स रोड<br>शिलांग–793001, मेघालय | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 09612948543<br><br>कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 8014138803, 7005033846<br>दूरभाष : 0364-2501268<br>फैक्स : 0364-2225978<br>ईमेल : sara.shillong@gmail.com |
| 20 | मिजोरम | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण<br>वेरडेंट रिज, हाउस नंबर 1–61/ई–1/बी, डंगलेना बिल्डिंग, ताइटसेना सेक्शन, लपुतिलंग, ऑजवाल,<br>मिजोरम– 796012 | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 09436190895<br><br>कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 09862329347<br><br>दूरभाष : 0389-2306957<br>ईमेल : saramzr@ymail.com, vanlaldini@yahoo.com |
| 21 | नागालैंड | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी<br>पी.आर हिल्स,<br>एस.पी कार्यालय के निकट, एयरस भवन, कोहिमा,<br>नागालैंड–797001 | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 09436282856<br><br>कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 09089979334<br><br>टेलीफैक्स : 0370-2242979<br>ईमेल : scpsnagaland@gmail.com, renchumi@yahoo.com |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22 | ओडिशा | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>महिला एवं बाल विकास, मिशन शक्ति भवन,गंडमुंडा,<br>खंडागिरी, भुवनेश्वर, ओडिसा –751003, | कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 09438350598<br><br>दूरभाष : 0674-2353122<br><br>ईमेल : pm.sara.od@nic.in,<br>Saraodisha09@gmail.com |
| 23 | पुदुचेरी | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>सामाज कल्याण निदेशालय,<br>पुदुचेरी सरकार,<br>नं. 1, सारादंबल नगर मेन रोड, इलईपिलईचवेडी,<br>पुदुचेरी –605005 | उप निदेशक सह कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 09843436993<br><br>सहायक कार्यक्रम<br>केंन्द्र शासित प्रदेश पुदुचेरी चाइल्ड<br>प्रोटेक्शन सोसाइटी<br><br>मोबाइल : 09043707394<br>दूरभाष : 0413-2200088, 2205871è12<br>फैक्स : 0413-2206762, 2200088<br><br>ईमेल : : directorofsocialwelfare@<br>yahoo.com, dswicpspdy@gmail.com |
| 24 | पंजाब | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>सुरक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग,<br>पंजाब सरकार,<br>एस.सी.ओ. संख्या 102–103,<br>सेक्टर 34 ए,<br>चंडीगढ़, पंजाब–160022, | कार्यक्रम प्रबंधक मोबाइल : 09592104500<br><br>दूरभाष : 0172-2608746, 2602726<br><br>फैक्स : 0172-2664533<br>ईमेल : saraicpspunjab@gmail.com<br>icps.punjab@gmail.com, |
| 25 | राजस्थान | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>बाल अधिकार विभाग,20 / 198, कावेरी पथ, सेक्टर –2,<br>मानसरोवर जयपुर, राजस्थान | उप निदेशक, सारा<br>दूरभाष : 0141-2399335 è 36<br><br>ईमेल : ccosjerajasthan@gmail.com, |
| 26 | सिक्किम | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण विभाग,<br>सिक्किम सरकार, पुरानी वेस्ट प्वाइंट स्कूल, निकट प्राइवेट<br>टैक्सी स्टैंड के निकट<br>गंगटोक, सिक्किम– 737101 | कार्यक्रम अधिकारी<br>मोबाइल : 08670019974<br><br>सहायक कार्यक्रम<br>मोबाइल : 07908598616<br><br>दूरभाष : 03592-202828<br>फैक्स : 03592-225682<br><br>ईमेल : icpssikkim@gmail.com,<br>sarasikkim@gmail.com<br>rahuldumi@gmail.com |
| 27 | तमिलनाडु | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>समाज रक्षा निदेशालय,<br>तमिलनाडु सरकार,<br>नंबर 300, पुरसावालकम हाई रोड केली<br>चेन्नई –600010, तमिलनाडु | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 09444784421<br><br>कार्यक्रम अधिकारी मोबाइल :<br>8148225330 09952686904<br><br>दूरभाष : 044-26423050<br>ईमेल : saratndsw@gmail.com |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28 | तेलंगाना | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>महिला विकास और बाल कल्याण विभाग निदेशालय<br>8–3–222, वेंगल राव नगर, राज्य होम परिसर, अमीरपेट, हैदराबाद–500038, तेलंगाना | संयुक्त निदेशक मोबाइल : 09440814456<br><br>कार्यक्रम अधिकारी मोबाइल : 7981521448, 8008003386<br><br>कार्यक्रम प्रबंधक<br>दूरभाष : 040-23733848, 23733665<br><br>ईमेल : tgwdcw@gmail.com, tgadoption@gmail.com |
| 29 | त्रिपुरा | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>समाज और शिक्षा निदेशालय,<br>त्रिपुरा सरकार,<br>उजन अबहोग नगर,<br>अगरतला,<br>पश्चिमी त्रिपुरा – 799005 | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 09402169378<br><br>कार्यक्रम सहायक<br>मोबाइल : 9436483519<br><br>दूरभाष : 0381-2326033<br>फैक्स : 0381-2323980<br><br>ईमेल : cw.dswe@gmail.com, dswe_agt@yahoo.com,<br>dswepcell@gmail.com,<br>chiranjit.utitsl@gmail.com |
| 30 | उत्तराखंड | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>महिला कल्याण निदेशालय<br>29/20, नेमी रोड, ढलान वाला,<br>देहरादून–248001 उत्तराखंड | कार्यक्रम अधिकारी मोबाइल : 09410722092, 9084078387<br><br>दूरभाष : 0135-2107009<br>फैक्स : 0135-2656432<br><br>ईमेल : ukchiefpo@gmail.com |
| 31 | उत्तर प्रदेश | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>ओ/ओ महिला कल्याण निदेशाक,<br>महिला कल्याण एंव बाल विकास विभाग,<br>उत्तर प्रदेश सरकार,<br>आठवां तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ –226001,उत्तर प्रदेश | कार्यक्रम प्रबंधक<br>मोबाइल : 08707813782<br><br>दूरभाष : 0522-2286402<br>फैक्स : 0522-2286140, 2286451<br><br>ईमेल : upsara2015@gmail.com,<br>directormahilakalyan@gmail.com |
| 32 | पश्चिम बंगाल | राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण,<br>बाल अधिकार और तस्करी निदेशालय, शाशाली भवन, साल्ट लेक सिटी, सेक्टर – 1, डीएफ खंड, कोलकाता–700064 पश्चिम बंगाल | मोबाइल : 09674174627<br><br>दूरभाष : 033-23560351<br>फैक्स : 033-2337578<br>ईमेल : adoption.sarawb@gmail.com |

5.2 परिशिष्ट –ख : जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू) की राज्य –वार–सूची नीचे दी गई है –

